तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

*दो भारतीय व एक विदेशी भाषा का अध्ययन करेंगे सीबीएसई छात्र*

## कक्षा छठवीं से तीन भाषाएं पढ़ेंगे विद्यार्थी इंग्लिश की जगह चुन सकेंगे फ्रेंच या जर्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

सीबीएसई 2026-27 सेशन से नेशनल एजूकेशन पॉलिसी के तहत कक्षा छठवीं से तीसरी भाषा अनिवार्य करने जा रहा है। इसमें दो भारतीय भाषाएं शामिल होंगी, जबकि इंग्लिश को फॉरेन लैंग्वेज के तौर पर पढ़ाया जाएगा। इसे आगे चलकर 2031 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी शामिल किया जा सकता है, जिससे छात्रों को तीनों भाषाएं 10वीं तक पढ़नी होंगी। नई व्यवस्था के अनुसार, कक्षा छठवीं से छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय होनी जरूरी हैं। इंग्लिश को 'विदेशी भाषा' माना जाएगा। यानी अगर कोई स्कूल कक्षा 6वीं में इंग्लिश पढ़ा रहा है, तो वह एक विदेशी भाषा ▶▶|शेष पेज 13 पर

- इंग्लिश मानी जाएगी विदेशी भाषा, हिंदी के साथ अन्य भारतीय भाषा का कर सकेंगे चुनाव




### नई किताबें और पढ़ाई का लेवल होगा तय

यह भी तय किया गया है कि छात्रों को तीसरी भाषा में कितनी नॉलेज और स्किल हासिल करनी है। इसके अनुसार नई किताबें तैयार की जाएंगी। सीबीएसई जल्द ही इस बारे में पूरी जानकारी और लर्निंग मैटेरियल जारी करेगा। 2026-27 सेशन के लिए कक्षा 6वीं की तीसरी भाषा के लिए सीबीएसई नौ भाषाओं में पढ़ाई का ▶▶|शेष पेज 13 पर

## विरोध के बाद 24 घंटे पहले बदली समय सारिणी, अब 25 मार्च से 9वीं-11वीं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

जिले में 9वीं और 11वीं कक्षा की परीक्षाएं अब 25 मार्च से आयोजित की जाएंगी। पूर्व में ये परीक्षाएं 27 फरवरी से आयोजित होनी थी। इसके 24 घंटे पूर्व गुरुवार को आदेश जारी कर जिला शिक्षा कार्यालय ने ▶▶|शेष पेज 13 पर



- पूर्व में 27 फरवरी से आयोजित की जानी थी परीक्षाएं
- पाठ्यक्रम अधूरे, शिक्षकों की आपत्तियां व छात्रों के विरोध पश्चात बदली गई समय-सारिणी

### ईमेल के जरिए भेजे जाएंगे प्रश्नपत्र

समय-सारिणी जारी किए जाने के साथ ही इससे संबंधित दिशा-निर्देश भी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी किए गए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि प्रश्नपत्र प्राचार्यों के रजिस्टर्ड ईमेल में भेजे जाएंगे। जहां से वे छात्रों की निर्धारित संख्यानुसार प्रिंटआउट निकलवाकर छात्रों को वितरित करेंगे। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन परीक्षा के बाद आदर्श उत्तर से शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

### केवल शासकीय विद्यालय होंगे शामिल

वर्तमान सत्र से बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा केंद्रीकृत रूप से आयोजित कराए जाने संबंधित निर्देश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिए गए थे। निजी स्कूल संघ के विरोध पश्चात प्राइवेट स्कूलों को इससे बाहर रखा गया। केवल शासकीय विद्यालय ही इस परीक्षा में शामिल होंगे। गौरतलब है, मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया अर्थात एसआईआर में मौजूदा सत्र में बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी। इस कारण निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सके हैं। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर पाठ्यक्रम पूर्ण किए जा रहे हैं। परीक्षा का समय अब एक माह आगे बढ़ाए जाने से विशेषकर उन स्कूलों को राहत मिल सकेगी, जहां अधूरे पाठ्यक्रम का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक है। परीक्षाएं दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होंगी और 4 बजे तक चलेंगी।

# अब महादेवघाट-खारुन के लिए ट्रैफिक का दबाव कम करने एक और मार्ग होगा चौड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य बजट में सरकार से रायपुर शहर को 458 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। इसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना में 210.93 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि से मनुवास रियलिटी से महादेवघाट तक 2 किलोमीटर के दायरे में पक्की सड़क का निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा, इसके लिए 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस मार्ग में सड़क चौड़ीकरण से रायपुरा से महादेवघाट पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और शहरवासियों को महादेवघाट तक जाने वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

महापौर मीनल चौबे ने राज्य के संकल्प बजट में रायपुर शहर को मिली सौगात के संबंध में पत्रकारों से चर्चा करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बजट शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, यातायात सुधारने और जल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना ▶▶|शेष पेज 13 पर

- बजट में शहर के लिए मिले 458 करोड़, पानी टंकी, सड़कों के अलावा अंडरग्राउंड वायरिंग पर होंगे खर्च



### पंडरी कपड़ा मार्केट के मुख्य मार्ग में सड़क निर्माण

*राजधानी के पंडरी कपड़ा मार्केट दुल्हन साड़ी सेंटर से सीधी सड़क पंडरी मुख्य मार्ग तक निर्माण किया जाएगा, इस कार्य के लिए 4 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क निर्माण से पंडरी कपड़ा मार्केट, सिटी सेंटर मॉल, निर्माणाधीन एकता यूनिटी मॉल को बलौदाबाजार मार्ग से सीधा जोड़ा जा सकेगा। इससे कपड़ा मार्केट क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा। इसी तरह आमापारा चौक से लाखे नगर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक 600 मीटर दायरे की सड़कचौड़ीकरण कार्य के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क चौड़ीकरण से आमापारा, सारथी चौक, लाखे नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक के दबाव में कमी आएगी और पीक ऑवर्स में जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी।*

### सड्डू में नई पानी टंकी

*शहर के आउटर में स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सड्डू में पानी टंकी का निर्माण होगा, इसके लिए करीबन 39 करोड़ रुपए की राशि नगर उत्थान योजना में प्रावधान किया गया है। 4500 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी निर्माण, राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने और स्कॉडा सिस्टम विकसित करने का काम इस राशि से कराया जाएगा। बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड के 1374 मकानों के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ की राशि मिलेगी। टाटीबंध से आरडी तिवारी स्कूल आमापारा तक सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 18 करोड़ का प्रावधान,जेएन पांडेय उच्चतर माध्यमिक शाला तथा माधवराव सप्रे स्कूल व खेल परिसर विकास कार्य के लिए 10 करोड़ का प्रावधान।*

### इन स्थानों पर भूमिगत विद्युतीकरण का कार्य

*जीई रोड टाटीबंध चौक से आमापारा चौक, शास्त्री चौक से तेलघानी नाका चौक, जलगृह मार्ग बिजली आफिस, कालीबाड़ी से भाठागांव चौक और लाखेनगर चौक से महादेव घाट तक बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की योजना है। आमापारा चौक से तेलीबांधा थाना चौक और फाफाडीह चौक से वाल्टेयर ब्रिज तक भूमिगत विद्युतीकरण का कार्य शामिल है। इन सब कार्यों के लिए 245 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। पत्रकार वार्ता में महापौर मीनल चौबे के साथ निगम आयुक्त विश्वदीप उपस्थित रहे।*

## नशे में निजी पीएसओ ने स्पॉ सेंटर में किया हवाई फायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कटोरा तालाब स्थित स्पॉ सेंटर के भीतर हवाई फायरिंग होने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना के दो घंटे के भीतर पुलिस ने हवाई फायर करने वाला तथा उसके एक अन्य साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार रात 10 बजे की है। हवाई फायर करने वाला प्राइवेट पीएसओ है। उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायर किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल के साथ एक एयरगन जब्त किया है। हवाई फायर करने वाला ▶▶|शेष पेज 13 पर

- संचालिका की शिकायत पर पुलिस ने पीएसओ तथा ड्राइवर को किया गिरफ्तार

### बगैर वेरिफिकेशन के सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति

सुनील पाण्डेय जिस सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से निजी कंपनी में पीएसओ बना है, उस सुरक्षा एजेंसी को पुलिस ने नोटिस जारी करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि राजधानी में एक दर्जन से ज्यादा सुरक्षा एजेंसी संचालित हो रही हैं। इनमें से ज्यादातर सुरक्षा एजेंसी अपने यहां काम करने वाले सुरक्षा गार्ड का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करातीं।

### गुंडागर्दी ऐसी कि स्पॉ के अंदर रजिस्टर चेक करने लगे

घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें सुनील स्पॉ सेंटर के अंदर गुंडागर्दी करते दिखाए दे रहा है। सुनील स्पॉ सेंटर संचालिका को धमकाते हुए वहां काम करने आने वाले कर्मचारियों के साथ आने वाले ग्राहकों की जानकारी के लिए जबरिया रजिस्टर चेक करते दिखाई दे रहा है।



# बजट पर चर्चा, सत्तापक्ष ने की तारीफ तो विपक्षी विधायकों ने गिनाई कमियां




विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के भाजपा विधायकों इसे समग्र विकास और दूरदर्शी वाला बजट बताया। वहीं कांग्रेस से विपक्षी विधायकों ने इसमें कमी बताते हुए विभिन्न सुधार के सुझाव भी दिए हैं। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक ने कुत्ता गिनने और शिक्षकों की एसआईआर ड्यूटी की वजह से परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का मामला भी उठाया।
विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए बजट पर गुरुवार को सामान्य चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि इसमें आम हित की अनदेखी की गई है। संजारी बालोद की कांग्रेस विधायक संगिता सिन्हा ने मनरेगा का नाम जीरामजी करने पर आपत्ति की। उन्होंने कहा कि इससे योजना का उद्देश्य स्पष्ट नहीं होता। कांग्रेस ने जिन शिक्षकों को सम्मान दिया था भाजपा सरकार उनसे कुत्ता गिनाने और एसआईआर का काम करवा रही है। परीक्षा के समय पर 18 हजार से ज्यादा शिक्षकों को यह काम लेना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। इस पर बेलतरा के भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि सबसे ज्यादा मानव संसाधन वाले विभाग से इस तरह का काम लिए जाने का सिस्टम है और उसी तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करने वाले बीएड-डीएड अभ्यर्थियों को रात में उठाकर खदेड़ रही है।

## भाजपा ने बताया हर वर्ग को ध्यान देने वाला बजट

इस दौरान भाजपा विधायक मोतीलाल साहू और रायमुनि भगत ने राज्य में चहुंमुखी विकास होने और हर वर्ग, स्वास्थ्य, शिक्षा के संबंध में विशेष ध्यान देने वाला बजट बताया। इस केवल आंकड़ा नहीं समग्र विकास पर जोर देने वाल बजट बताते हुए किसान, युवा और महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## वर्तमान कमियों पर ध्यान नहीं, 2047 की बात

चंद्रपुर के कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव छत्तीसगढ़ी चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान कमियों को दूर करने के बजाए सत्ता पक्ष 2047 के विकास की बात करती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में कई तरह की कमियां है जिन्हें दूर करने के लिए बजट में ध्यान नहीं दिया गया। उनके हंसी-ठिठोली वाले अंदाज में चर्चा के दौरान सदन का माहौल खुशनुमा हो गया और भाजपा के साथ कांग्रेस विधायक भी टीका-टिप्पणी करते रहे।

## विधायकों के बीच कहासुनी

गुरुवार को विधानसभा में चर्चा के दौरान बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला और कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव के बीच एक मामले को लेकर कहासुनी हो गई। शब्दों को लेकर आई आपत्ति के बाद गरमाता देख सभापति ने पांच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। दोबारा शुरू हुई कार्यवाही के दौरान सभापति ने कहासुनी वाली स्थिति को विलोपित कर दिया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- बिना वित्तीय स्वीकृति के खरीदी गई 20 करोड़ की मशीन

मेकाहारा अस्पताल के सेटअप को लेकर विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नेशनल मेडिकल कमीशन की गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां का सेटअप एनएमसी के अनुसार नहीं बना है। मशीनों की जानकारी अधूरी है। ट्रामा सेंटर की जानकारी नहीं है। मंत्री ने जवाब में बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में 700 बिस्तर स्वीकृत है। साथ ही कैंसर अस्पताल के लिए 100 बिस्तर स्वीकृत है। स्वीकृत सेटअप में भरे एवं रिक्त पदों की स्वीकृति मिली है। यहां पर 21 विभाग संचालित हैं, उसके अनुसार मशीन उपकरण बंद और चालू हैं। मंत्री ने बताया कि मेकाहारा में कई मशीनों की खरीदी की गई है। पुराने समय में खरीदी गई मशीनों की खरीदी प्रक्रिया के संबंध में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में बिना वित्तीय स्वीकृति के 20 करोड़ की मशीन खरीदी गई थी। उसकी जांच की जा रही है। भाजपा सदस्य ने इस पर सवाल उठाया कि उक्त मशीन को अभी कहां रखा गया है। मंत्री ने बताया कि वह मशीन मेकाहारा में ही रखी गई है। अब तक उसका उपयोग इसलिए नहीं हुआ, क्यों वह नार्म्स के अनुसार खरीदी नहीं की गई।

## ध्यानाकर्षण में भाजपा विधायकों ने आबकारी मंत्री को घेरा

# मंदिर के बगल और अटल आवास में खोल दी गई है शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शराब दुकानों और अहाता के लिए स्थल चयन में मापदंड का निर्धारण नहीं होने के मामले में भाजपा सदस्यों ने विधानसभा में आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन को घेरा। भाजपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि मंदिर के बगल और अटल आवास में भी शराब दुकान खोल दी गई है। पूरे मामले में देवांगन ने परीक्षण कराकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

भाजपा सदस्य सुनील सोनी ने ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के लिए स्थल चयन में प्रशासनिक अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को सूचना नहीं दी और किसी तरह के सुझाव नहीं लिए। हाल यह है कि कटोरा तालाब जैसे व्यस्ततम इलाके में मंदिर के बगल में शराब दुकान, और अहाता खोल दिया गया। उन्होंने कहा कि शराब दुकान और अहाता खोलने के बाद वहां छेड़खानी की घटनाएं हो रही हैं।

**विपक्षी सदस्यों ने सदन की कार्यवाही से किया वाकआउट**



### मंत्री ने कहा, जानकारी नहीं, परीक्षण कराएंगे

आबकारी मंत्री देवांगन ने कहा कि मंदिर के बगल में शराब दुकान खुलने की जानकारी नहीं है, वो इसका परीक्षण कराएंगे, और अगर ऐसा होगा तो हटाया जाएगा। सोनी ने भाठागांव में भी शराब दुकान को लेकर सवाल उठाए, और कहा कि भाठागांव के वालफोर्ट सिटी के रहवासियों के आने-जाने की एकमात्र सड़क है। वहां भी शराब दुकान खोल दी गई है। वहां से भी शराब दुकान हटाने की मांग की।

### *अनुज पर भड़के आबकारी मंत्री*



*भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने इस दौरान कहा, लाभांडी में शराब दुकान हटाने की घोषणा पूर्व में मंत्री द्वारा की गई थी। मंत्री इससे भड़क गए और उन्होंने भाजपा सदस्य से पूछा कि मैंने कब घोषणा की थी। अनुज शर्मा ने कहा कि लाभांडी में दो शराब दुकान अगल बगल हैं, जिन्हे हटाने की घोषणा की गई थी, मगर नहीं हटाई गई, इस पर आबकारी मंत्री भड़क गए और पूछा कि मैंने कब घोषणा की थी। हड़बड़ाहट में भाजपा सदस्य ने कहा कि मंत्री जायसवाल ने यह घोषणा की थी। आबकारी मंत्री ने इस पर भाजपा सदस्य से पूछा कि श्याम बिहारी जायसवाल कब आबकरी मंत्री थे। सभापति के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।*

### हाईवे पर शराब दुकान

*भाजपा सदस्य रिकेश सेन इससे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वो पहले ही इसको लेकर आपत्ति कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी हाईवे पर शराब दुकान खोले जाने का मामला उठाया। इस पूरे मामले में सभापति के हस्तक्षेप के बाद आबकारी मंत्री ने शराब दुकान खोले जाने के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार ही शराब दुकान खोली गई है। कहीं से कोई शिकायत आएगी, तो परीक्षण कराएंगे।*

### *अटल आवास में भी शराब दुकान*

*वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में अटल आवास में भी शराब दुकान खोले जाने का मसला उठाया। देश में अकेली ऐसी जगह है जहां अटल आवास में ही शराब दुकान खोल दिए गए। इस पर सभापति धर्मजीत सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि वो मंत्री को लिखित में दे दें, ताकि मंत्रीजी इसका परीक्षण करा सकें।*

# नशे के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन, 248 दवा दुकानों का हुआ निलंबन, 19 के लाइसेंस निरस्त

औषधि विभाग पुलिस की मदद से नशीली दवा के खिलाफ संयुक्त अभियान चला रहा है। सालभर में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में अनियमितता के मामले में 248 दवा दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। गंभीर अनियमितता बरतने वाले 19 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। इस संयुक्त अभियान में जांच टीम द्वारा राज्य में 20 हजार से ज्यादा दवा दुकानों में छापामार कार्रवाई कर जांच की गई। रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी के विधानसभा में पूछे गए सवाल का लिखित जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि नशीली दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अंतर्गत औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जाता है। जारी निर्देशों के अनुसार दवा दुकानों में सीसीटीवी लगाने का काम भी पूरा किया जा रहा है। इसके अलावा औषधि विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलाकर टीम का गठन किया है। उनके द्वारा राज्यभर के संदिग्ध दवा दुकानों की जांच कर रही है। अनियमितता उजागर होने पर पुलिस एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर रही है। एफडीए द्वारा विभागीय कार्रवाई की जाती है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अंतर्गत वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक कुल 20603 निरीक्षण किया गया। इसमें जांच के दौरान नियम 65 का अनुपालन न किये जाने पर कुल 248 औषधि दुकानों का लायसेंस अलग-अलग समय के लिए निलंबित किया गया एवं 19 निरस्तीकरण किया गया है। इसके अलावा दवाओं का प्रयोग नशे के लिए करने वालों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जा चुकी है, जिसका अनुपालन राज्य में कराया जा रहा है।



▪ पुलिस और औषधि विभाग की टीम चला रही नशीली दवा के खिलाफ अभियान

### स्पर्श क्लीनिक और काउंसिलिंग भी

नशीली दवा के आदी हो चुके लोगों को इसकी लत छुड़वाने के लिए सभी जिला अस्पतालों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। यहां नशीली दवा के साथ शराब, तंबाकू सहित अन्य मादक पदार्थों की लत छुड़ाने के लिए निशुल्क दवा के साथ आवश्यक काउंसिलिंग भी दी जाती है। इसके अलावा टेलीमान टोल फ्री नंबर के माध्यम निशुल्क ऑनलाइन काउंसिलिंग भी की जाती है।

# छत्तीसगढ़ की जेलों में एक साल में 66 कैदियों की मौत



उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की केंद्रीय एवं जिला जेलों में जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक 66 बंदियों की कस्टोडियल डेथ हुई है। उन्होंने बताया कि 66 मामलों में से 18 प्रकरणों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 48 मामलों में जांच की प्रक्रिया अभी जारी है। विधानसभा के प्रश्नकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक आदिवासी नेता की मौत को हत्या करार देते हुए मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। मुद्दे पर सदन में जमकर नारेबाजी हुई। विपक्षी सदस्यों ने सदन की कार्यवाही से वाकआउट कर दिया। भूपेश बघेल ने आपत्ति जताते हुए कहा, मृतकों के नाम और संबंधित जेलों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने पूछा कि क्या कवर्धा जेल में बंद पंकज साहू की कस्टोडियल डेथ इस सूची में शामिल है? साथ ही जीवन ठाकुर का मामला उठाते हुए कहा, वे कांकेर जेल में बंद थे, लेकिन उनकी मृत्यु रायपुर में हुई। क्या यह प्रकरण भी 66 मामलों में शामिल है?

### जीवन ठाकुर को जेल में नहीं मिला उपचार

गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि पंकज साहू की मृत्यु मांगी गई अवधि से पहले की है, इसलिए वह इस आंकड़े में शामिल नहीं है। वहीं जीवन ठाकुर को कांकेर से न्यायालय की अनुमति के बाद रायपुर लाया गया था। भूपेश बघेल ने कहा, जीवन ठाकुर आदिवासी समाज के प्रमुख नेता थे और गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन जेल में उन्हें समुचित उपचार नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी समाज ने प्रदर्शन भी किया था।

### कोर्ट के निर्देश पर रायपुर जेल स्थानांतरण

गृहमंत्री ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जीवन ठाकुर के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के प्रमाण मिलने पर कार्रवाई की गई थी। 12 अक्टूबर 2025 को उन्हें जेल लाया गया था। उन्हें शुगर की बीमारी थी और तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल भेजा गया था, जहां परिजन उनसे मिलते रहे। उन्होंने यह भी बताया कि जेल अधीक्षक ने न्यायालय को सूचित किया था कि वे उपचार में सहयोग नहीं कर रहे थे। जेल अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार शुगर के मरीज होने के बावजूद वे आवश्यक परहेज नहीं करते थे। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर उनका स्थानांतरण रायपुर किया गया।

### विस की समिति से कराएं जांच



भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि कोई भी शुगर का मरीज जानबूझकर अपनी हालत क्यों बिगाड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय उनका बेटा भी उसी जेल में था, लेकिन दोनों को अलग रखा गया। उनका तर्क था कि बेटा बेहतर देखभाल कर सकता था। साथ ही कांग्रेस विधायकों को भी मिलने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया। भूपेश बघेल ने मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। इस पर गृहमंत्री ने कहा, जब किसी मामले में पहले से मजिस्ट्रेट जांच चल रही हो, तो समानांतर जांच का औचित्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, हर व्यक्ति किसी न किसी समाज से जुड़ा होता है, इससे कानून की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हो सकती।

### नव्या मलिक का नाम सूची में नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि क्या नव्या मलिक का नाम इस सूची में शामिल है, जो कथित रूप से ड्रग रैकेट से जुड़ी थी। इस पर गृहमंत्री ने कहा कि वह इस संबंध में अलग से जानकारी प्राप्त कर अवगत कराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में हत्या, लूट और फिरौती जैसे जघन्य अपराधों में 35 प्रतिशत वृद्धि के संबंध में सवाल उठाया। गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराधों में कमी आई है।

### प्रोजेक्ट राहत के तहत 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

रायपुर। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित प्रोजेक्ट राहत के अंतर्गत राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6(4) के प्रावधानों के तहत पिछले 10 माह में कुल 95 हितग्राहियों के परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में मृतक स्व. बुलाकी बाई छिदौडे के परिजन रामेश्वर धृतलहरे को तहसीलदार अभनपुर सीता शुक्ला ने 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 26.02.2026
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1.श्री अमृतपाल सिंह पिता नरेंद्र पाल सिंह, 2.अमन अजमानी पिता कमलजीत अजमानी निवासी दयालवंड बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल -10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 375/23 रकबा 0.0564 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20.02.2026 के परिपालन मे दिनांक 17.03.2026 को समय 12.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।
अतः उक्त सीमांकन मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी मे स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
**राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 10**

# 1495 ईनामी नक्सलियों को मिलेंगे 49 करोड़ 34 लाख

▪ पुनर्वास नक्सल नीति के तहत 10 करोड़ से ज्यादा की राशि आवंटित
▪ 2900 से ज्यादा नक्सली पुनर्वासित- शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में नक्सलियों का मुद्दा गूंजा। छत्तीसगढ़ में नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 2937 लोगों का पुनर्वास किया गया। इसमें 1496 इनामी नक्सली वे हैं, जो 100 कैटेगिरी के हैं। 1441 उस कैटेगिरी से बाहर के हैं, जिनमें मिलीशिया सदस्य, मिलीशिया, डीकेएमएस के हैं। 1496 इनामी नक्सलियों के लिए कुल 5 करोड़ 64 लाख है, जो इनको तीन वर्ष के बाद मिलेगी, जो इनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। अभी 50-50 हजार रुपये की राशि दी गई है। बाकी की 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि दी जानी है।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने पूछा, 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि में से कितनी राशि इनामी सरेंडर नक्सलियों को दी जा चुकी है। मंत्री ने बताया कि इनाम की राशि तीन साल के बाद मिलती है। आप बस्तर के हैं, तो आपको पता होना चाहिए। प्रारंभिक 50 हजार की राशि दे दी गई है, जो 5 करोड़ 64 लाख है। 1 अप्रैल 2023 से 5 अप्रैल 2023 तक पुरानी व्यवस्था लागू थी, जिसमें 10 हजार रुपये इनामी सरेंडर नक्सली को दिए जाते थे। 1496 नक्सलियों को राशि देने तीन योजनाएं लागू हो रही हैं। 5 सरेंडर नक्सलियों को 10 हजार, 415 नक्सलियों को 25 हजार और 929 नक्सलियों को 50 हजार के हिसाब से दिया। इनाम की राशि दी जा रही है।

### 92 प्रकरणों की अनुसंशा

मंत्री ने बताया कि नक्सलियों को राशि देने की प्रक्रिया होती है, इसमें जांच की प्रक्रिया होती है। जो पुनर्वास करते हैं उनके जिला स्तर पर प्रदेश स्तर पर समिति होती है। वर्तमान में 92 प्रकरण ऐसे हैं जिनको प्रदेश स्तर की समिति से अनुशंसा की जा चुकी है।उनको राशि दी जा चुकी है, बैंक से 3 साल के बाद ये राशि निकाल सकेंगे।

### मंडावी ने पूछा- सरेंडर ईनामी नक्सलियों को कब दी जाएगी राशि

विधायक विक्रम मंडावी ने पूछा कि अब तक कितनी राशि सरेंडर नक्सलियों का भुगतान हुआ है। मंत्री ने जवाब दिया कि5 करोड़ 64 लाख दिया गया है। 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि दी जानी है। विधायक ने सवाल किया कि आपने जो जवाब दिया है कि अब तक दो सरेंडर नक्सलियों को ही 5 लाख की राशि दी गई है। अभी वर्तमान में क्या तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। विधायक ने पूछा कि बाकी की राशि का वितरण सरेंडर इनामी नक्सलियों को कब दी जाएगी।

# फिल्म सिटी के नाम पर माना-तूता में पेड़ों की कटाई का विरोध, जन आंदोलन पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



▪ महिलाएं, ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ जन प्रतिनिधि भी आंदोलन में कूदे

माना-तूता क्षेत्र के जंगल को बचाने अब वहां के ग्रामीण, महिलाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं और जन प्रतिनिधि भी जन आंदोलन कर आगे आए हैं। गुरुवार को आंदोलन के तीसरे दिन पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वक्ता द्वय ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्म सिटी निर्माण के नाम पर की जा रही जंगलों की कटाई पर्यावरण और जैव विविधता के लिए खतरा है। इससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जलवायु असंतुलन और पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ेगी। रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने राज्य सरकार के मांग की है कि प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा माना-तूता क्षेत्र के हरे-भरे जगह को संरक्षण प्रदान किया जाए। पंकज शर्मा ने कहा हमें विकास से परेशानी नहीं है, हमें वृक्षों की कटाई से परेशानी है। जंगल ही नहीं बचें,गे तो जलवायु का संतुलन कैसे बना रहेगा।

रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे ने भूजल संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिहाज से जंगल क्षेत्र को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में वृक्षों की कटाई नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद जसबीर सिंह ढिल्लन, जनपद सदस्य कुणाल सिन्हा, सारिका गोवर्धन साहू ब्लाक अध्यक्ष हीरेन्द्र देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# जाति की जांच- छानबीन समिति ने 10 प्रकरणों में की समीक्षा और सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एक प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में हुई।

### इन प्रकरणों की हुई सुनवाई

बैठक में कुल 10 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 8 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। 4 प्रकरणों में गुण-दोष के आधार पर विनिश्चय किए जाने का निर्णय करते हुए आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। इनमें एक डीजे स्तर के अधिकारी एवं एक ग्रामीण विकास विभाग में ईएनसी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। 2 प्रकरणों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की गई एवं पक्षकार को 10 दिवस के भीतर समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने पक्ष में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। 1 प्रकरण में विजिलेंस टीम को दुबारा मौके पर जाकर सोशल स्टेटस एवं अन्य प्रमाणित तथ्यों की गहन जांच कर 45 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जबकि 3 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी जाति के संबंध में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करन के निर्देश दिए गए हैं।

**शोक-संदेश**



जन्म 01-01-1974
स्वर्गलोक गमन 18-02-2026
**स्व. श्रीमती कुसुम यदु**
अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम यदु का स्वर्गवास दिनांक 18-02-2026 को हो गया है जिसका दशगात्र एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम दिनांक 27-02-2026 को सम्पन्न होगा।
अत: इस शोक की घड़ी में सहपरिवार पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।
कार्यक्रम स्थान - मठपुरैना रावतपुरा कातोनी निवासी
शोकाकुल : तुलसी यदु (जेठ), रमेश, संतोष (बल्लू) (देवर) सोहन यदु (डोंगरगांव), रवि यदु (कोहका, भिलाई) प्रियेश यदु, (गोकुलपुर, धमतरी)(दामाद)
विनीत : रामप्यारी यदु (सासु माँ) श्री दिलीप यदु (पति) विजय यदु (पुत्र) श्रीमती कामनी यदु (पुत्र वधु) कुहू, तोषी (नातिन)
नोट : जिन लोगों को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

**आम सूचना का खण्डन**
(ग्राम बाहनाकाड़ी, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं. व तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ०ग० स्थित भूमि खसरा नंबर - 139, रकबा - 0.910 हे. दैनिक समाचार पत्र "हरिभूमि" में प्रकाशित सूचना दिनांक- 08/02/2026 के संबंध में)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.02.2026 को दैनिक समाचार पत्र "हरिभूमि" में प्रकाशित आम सूचना हर्ष पुजारा (अधिवक्ता), आदित्य श्रीवास्तव एण्ड एशोसियेट्स, पता- एफ-00403, कटोरा तालाब, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पक्षकार मोतीलाल धीवर पिता स्व. झाडुराम धीवर, निवासी-ग्राम बाहनाकाड़ी, मंदिर हसौद, जिला - रायपुर छ.ग. की ओर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम बाहनाकाड़ी, प.ह.नं.-13, रा.नि.मं. व तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर - 139, रकबा 0.910 हे. भूमि को क्रय न करें इस आशय का आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है। उक्त भूमि मेरे पक्षकारगण चन्दूलाल धीवर एवं हीरालाल धीवर, दोनों पिता-स्व. झाडुराम धीवर के स्वामित्व, आधिपत्य की है, उक्त भूमि एवं अन्य भूमियों का पारिवारिक बंटवारा भाईयों के मध्य दिनांक 24/10/1979 को स्व. झाडुराम पिता बुधराम धीवर ने अपने जीवनकाल में कर दिया था। उसी बंटवारा अनुसार उक्त भूमि मेरे पक्षकारगणों को प्राप्त हुई है। जिससे किसी भी जिससे किसी भी प्रकार से विक्रय, अंतरण, दान, रहन, गहन, हस्तांतरण अन्य रीति से करने का अधिकार प्राप्त है।
अतः प्रकाशित सूचना दिनांक 08/02/2026 का खण्डन किया जाता है। सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक-26.02.2026
भवदीय
एस. एस. चन्देल अधिवक्ता
कृष्णा नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9425519873, 7987865586

**:: आम सूचना ::**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विष्णु, गिरधर भुलऊ, कोमलचंद, डेहरिन बाई, ताराबाई, तोरण बाई सभी के पिता स्व. अंजोर सिंग व निर्मल, डोमार कोपचंद, सोहन धाडीवाल, उमेन्द्र छगन बाई, चांदनी पिता स्व. श्री समयलाल, सभी निवासी- ग्राम व पोस्ट सेजबहार तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा- सेजबहार प.ह.न. 82 रा.नि.मं. रायपुर 18 कान्दुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा क्रमांक 370/1 रकबा 0.0160 हे., ख.नं. 371 रकबा 0.0770 हे., ख.न. 464/2 रकबा 0.1010 हे., ख.नं. 464/3 रकबा 1.7400 हे., शामिल 465, ख.नं. 464/4 रकबा 0.1460 हे. कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 2.0800 हेक्टेयर भूमि धारित है।
इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति संयुक्त स्वामित्व की संपत्ति है। इसमे बटवारें की कार्यवाही शेष है, जब तक बटवारे की कार्यवाही पूर्ण नही हो पाती है तब तक कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय, बोर्ड प्राधिकरण आदि क्रय-विक्रय रहन-गहन बय बख्शीश आदि का संव्यवहार न करे। यदि कोई उक्त संपत्ति भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय, संव्यवहार आदि करता है तो वह अवैध व शून्य माना व समझ जावेगा तथा मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं रहेगे, तथा मेरा पक्षकारगण ऐसा कोई संव्यवहार करने वाले के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करेगे, जिसके समस्त हर्जे व खर्चे की जवाबदारी क्रय-विक्रय करने वाले की होगी।
सो सूचना जाने।
भवदीय
असिम कांति घोष (अधिवक्ता)
पता - छोटापारा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), मो.नं. 8319577646

**आम सूचना**
(ग्राम-मठपुरैना प.ह.न. 61 रा.नि.मं-रायपुर-14-बोरियाखुर्द तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं.-450/2 का भाग रकबा 2700 वर्गफीट के संबंध में)
सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद इस्माइल पिता-अब्दुल रशीद निवासी रजा मस्जिद के सामने मौदाहापारा रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण 1. तबस्सुम खान पति-स्व. हबीब अशरफ खान 2. इफ्फत फातिमा पिता स्व. हबीब अशरफ खान 3. ना.बा. मुबशीर फातिमा पिता स्व. हबीब अशरफ खान के तीनो निवासी-एम.आई.जी.-06 शारदा पेट्रोल पम्प के सामने, नासिर किराना स्टोर मोती नगर बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-मठपुरैना प.ह.न.- 61 रा.नि.मं-रायपुर-14-बोरियाखुर्द तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं.-450/2 का भाग रकबा 2700 वर्गफीट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन / रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।
अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।
सो सूचना जाने।
स्थानः- रायपुर छ.ग.
दिनांकः-26/02/2026
भवदीय- लकेश्वर चन्द्राकर, अधिवक्ता
कक्ष क्रमांक 109, टेबल नं. 18, प्रथम तल, नयी बिल्डिंग सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98278 95454

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 25.02.2026
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोरन्दमल कुकरेजा वगैरह पिता रावलमल कुकरेजा निवासी श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल- 10 रायपुर मे स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 185/21, 185/31 रकबा 0.328, 0.049 हे.का नक्शा बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण न्यायालय नायब तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक.../.../ 2026 के परिपालन मे दिनांक 11/03/2026 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।
अतः उक्त स्थल निरीक्षण मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नम्बर 74 के डुमरतराई मे स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
राजस्व निरीक्षक
रायपुर -10

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मंडल समोदा की राजेश्वरी बनीं अध्यक्ष



**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक संगठन में नई नियुक्तियाँ की जा रही हैं, जिनमें संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम सकरी की राजेश्वरी देवांगन को समोदा मंडल में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बताया जाता है कि राजेश्वरी देवांगन ने विधानसभा चुनाव के दौरान संगठन के लिए सक्रिय और समर्पित सेवा की है। वे पूर्व में समोदा मंडल की महामंत्री के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुकी हैं। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर राजेश्वरी देवांगन को रायपुर जिला अध्यक्ष श्याम नारायण, महामंत्री ललिता वर्मा, सविता चंद्राकर, रश्मि वर्मा, देवकुमार साहू, गोविंद वर्मा, गजेंद्र सहित महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### बजट युवकों के लिए निराशाजनकः वर्मा

**कूंरा।** धरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की जनता, किसानों और युवाओं के लिए निराशाजनक एवं हतोत्साहित करने वाला बजट बताया है। आशीष वर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत इस बजट से क्षेत्र के नागरिकों को भारी निराशा हुई है। यह बजट हर वर्ग के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौजवान आज बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन बजट में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी योजना का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। वर्मा ने आगे कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का सपना दिखाने वाली सरकार के इस बजट में दूरदर्शिता का पूर्ण अभाव है। किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की है।

### छग बजट ने बेरोजगारों को किया निराश :रंजीत

**मंदिर हसौद।** धरसींवा ब्लाक कांग्रेस कमेटी जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत गायकवाड़ ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कलेक्टर से वित्त मंत्री बने ओपी चौधरी जिस पर प्रदेश की पूरी जनता उम्मीदवार भरोसा लगाए बैठे थे की इस बार की बजट कुछ विशेष बेरोजगार और किसानों के लिए नई उम्मीद की किरण लेकर आएगा लेकिन बेरोजगार युवाओं और किसानों को निराशा ही हाथ लगा । जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत ने कहा की वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत की गई 2026 की बजट आम जनता और किसान और मजदूर विरोधी बताया। जिसके द्वारा बजट में मनरेगा और बेरोजगारी भत्ता की कोई उल्लेख नहीं किया गया। जिसमें किसानो मध्यम वर्गीय आम जनता और युवाओं के लिए नया कुछ भी शामिल नही किया गया। जहां केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास और नल जल योजना को भी बजट में प्राथमिकता नहीं दिया गया।

### कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताया

**सिलयारी।** धरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश की जनता, किसानों और युवाओं के लिए निराशाजनक एवं हतोत्साहित करने वाला बजट बताया है। श्री आशीष वर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत इस बजट से क्षेत्र के नागरिकों को भारी निराशा हुई है। यह बजट हर वर्ग के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नौजवान आज बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन बजट में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी योजना का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है।

# आरंग रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले आरंग महानदी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाएँ बदहाल स्थिति में हैं। स्टेशन की पूर्व दिशा में निर्मित शौचालय में लंबे समय से ताला लटका हुआ है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण किया गया है, लेकिन उपयोग के अभाव में ये शौचालय केवल प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए हैं। मजबूरी में यात्रियों को खुले में या दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है, जो स्वच्छता और गरिमा—दोनों के लिए चिंताजनक है। इतना ही नहीं, स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर पीने के पानी के लिए पाँच स्थानों पर सार्वजनिक नल लगाए गए हैं, लेकिन पानी की आपूर्ति न होने के कारण सभी नल बंद पड़े हैं।

## लंबे समय से पेयजल संकट की किसी को परवाह नहीं



### बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी

स्टेशन परिसर में स्थापित हैंडपंप से भी काफ़ी देर तक चलाने के बाद ही पानी निकलता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ख़ासा कष्ट उठाना पड़ता है। सूत्रों के अनुसार, स्टेशन की इन छोटी लेकिन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए संबलपुर रेल मंडल स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। यह भी जानकारी सामने आई है कि ऐसी समस्याओं के निराकरण हेतु मंडल स्तर से निरीक्षण या दौरा करने में अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त नहीं किया गया, तो इससे न केवल रेलवे की छवि धूमिल होगी, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा पर भी सीधा असर पड़ेगा। लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि शौचालयों को तत्काल चालू किया जाए और पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## अपराध : पुलिस जुटी जांच में, फरार आरोपियों की तलाश जारी

# तीन दिन पूर्व मिली लाश की शिनाख्त हुई, पीएम रिपोर्ट से हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- मृतक कोरिया जिले से तिल्दा के पास सयंत्र में करता था काम
- लाश मिलने के बाद हरिभूमि ने जताई थी हत्या की आशंका, हुई सच साबित

तिल्दा में तीन दिन पहले मंगलवार को कोयला रेंक पॉइंट मिली अज्ञात युवक की लाश को शिनाख्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम यशवंत पीता सीताराम निवासी सरभोगा थाना पटना जिला कोरिया निवासी के रूप में की है जो तिल्दा क्षेत्र के एक प्लांट में काम करता था । पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा किया गया है पुलिस अब हत्या की एंगल से मामले की जांच में जुट गई है ..बता दे की हरिभूमि ने लाश मिलने के बाद हत्या की आशंका जताई जो सच साबित हुई है ।

तिल्दा कोयला रेल पॉइंट के पास मंगलवार को लाश मिलने के बाद हडकंप मच गया था । जानकारी मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची ,लाश अर्धनग्न अवस्था में पड़ी हुई थी ।पुलिस के द्वारा लाश का पंचनामा कराकर आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की थी लेकिन उस दौरान पहचान नहीं हो सकी। मृतक का शव दोपहर को तीन बजे मिला था ,जबकि रेक पॉइंट में सुबह से मजदूर काम रहे थे । बावजूद किसी की नजर ट्रेक के किनारे पड़ी लाश पर नहीं गई । उधर जब मृतक अपने घर नहीं पहुंचा तो उनके घर के लोग उसकी खोजबीन करते हुए तिल्दा पहुंचे तभी उनको अज्ञात लाश मिलने की जानकारी मिली उन्होंने शव को देखा तो उसकी पहचान यशवंत के रूप में हुई।



दरअसल कोरिया जिले का रहने वाला यशवंत और उसका भाई तिल्दा क्षेत्र के ग्राम मढी में स्थित एक संयंत्र में काम करता था ।और सयंत्र के परिसर में हि रहता था ।23 फरवरी को छुट्टी लेकर शाम को अपने दोस्तों के साथ अंबिकापुर जाने के लिए तिल्दा आए थथा । सभी ने मिलकर अक जगह शराब पी उसके बाद दोनों भाइयों को स्टेशन पर छोड़कर बाकी तीन वापस चले गए। बाद में यशवंत अचानक स्टेशन से गायब हो गया।

मंगलवार 24 फरवरी दोपहर को उसका शव रेक पॉइंट पर मिला। 25 फरवरी को उसका पोस्टमार्टम कराया गया तब तक उसके परिजन पहुंच चुके थे। पीएम रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यशवंत की हत्या की गई है। अब पुलिस नए सिरे से जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के कैमरे को कंगाल रही है। पुलिस को कुछ इनपुट मिला है। पुलिस का कहना है जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा माना जा रहा है हत्या किसी और जगह करने के बाद शव को कोयला रेल पॉइंट के पास आकर फेका गया।

# 110 पौवा शराब, 5 हजार नकद व बाइक जब्त, दो कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रंगों के पर्व होली के करीब आते ही शराब तस्कर सक्रिय हो गए हैं, लेकिन पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। विधानसभा थाना पुलिस ने रिंग रोड नंबर 03 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप लेकर मंदिर हसौद की ओर जा रहे थे, जिसे होली के दौरान ऊंचे दामों पर खपाने की योजना थी। थाना प्रभारी श्री शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि पुलिस को बुधवार, 25 फरवरी को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक एक मोटरसाइकिल पर बोरी के अंदर शराब छिपाकर विधानसभा मार्ग से गुजरने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी ने तत्काल घेराबंदी के आदेश दिए। एक उद्यान के पास ओवरब्रिज के नीचे नाकेबंदी की गई और हर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहन की तलाशी शुरू हुई।



### 60 हजार का माल बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 110 पौवा अंग्रेजी शराब, शराब की बिक्री से मिले 5,530 रुपये नगद और तस्करी में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 60,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह शराब आगामी होली के त्योहार में अवैध रूप से बेचने के लिए ले जाई जा रही थी। विधानसभा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 72/26 और आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गैर-जमानती मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

चेकिंग के दौरान जब स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (**CG** 04 **HY** 6451) पर सवार दो युवकों को रोका गया, तो वे घबरा गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विजय विश्वकर्मा उर्फ अरविंद (26 ) और विवेक चंद्राकर उर्फ विक्की (26 ) बताया, जो कि मंदिर हसौद के निवासी हैं। जब पुलिस ने उनकी बोरी की तलाशी ली, तो उसमें अवैध अंग्रेजी शराब भरी मिली। आरोपियों ने पहले तो वैध दस्तावेज होने का दावा कर टीम को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर वे टूट गए।

# पालिका की समान्य सभा के नाम भ्रम फैलाने से पार्षद बाज आएं : डा. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- आरंग में सियासी संग्राम तेज, 23 जनवरी को हुई थी सामान्य सभा, अब बैठक के बहिष्कार कर अब लगा रहे आरोप



नगर पालिका परिषद आरंग में सामान्य सभा की बैठक छह माह से नहीं होने के विपक्षी आरोपों पर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व 23 जनवरी 2026 को विधिवत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। डॉ. जैन ने बताया कि बैठक की सूचना नियमानुसार सभी पार्षदों को दी गई थी, लेकिन कुछ विपक्षी पार्षदों ने अपने ही कार्यकाल में बैठक का बहिष्कार कर भाग नहीं लिया। इधर डॉ जैन सहित सभी भाजपा पार्षदों ने कहा कि विपक्षी पार्षद गन बैठक नहीं होने का आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करने की बात कहते हुए विशेष रूप से कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व से ठीक पहले आयोजित बैठक का बहिष्कार करना केवल प्रशासन का विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा का भी अनादर है।

### राष्ट्रीय पर्व पर मर्यादा का ध्यान रखें

लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन राष्ट्रीय अवसरों की मर्यादा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है, उन्होंने कहा। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तों का भुगतान शासन से प्राप्त राशि के अनुसार किया जा रहा है। वृद्ध पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाएं निरंतर संचालित हैं।शहर में स्ट्रीट लाइट सुधार, साफ-सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत और झलमला तालाब सौंदर्यीकरण जैसे कार्य प्रगति पर हैं। तालाब कार्य को लेकर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को उन्होंने निराधार बताते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप और निगरानी में हो रहे हैं। डॉ. जैन ने कहा कि आरंग क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई जारी है और जहां भी अनियमितता मिलेगी, संबंधितों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामान्य सभा लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रमुख मंच है और विकास के मुद्दों पर वहीं चर्चा होनी चाहिए। "धरना देकर सुर्खियां बटोरने से बेहतर है कि पार्षद सदन में आकर सकारात्मक सुझाव दें। आरंग का विकास सामूहिक जिम्मेदारी है।डॉ. जैन ने नगरवासियों से अपील की कि वे तथ्यहीन आरोपों से प्रभावित न हों। कुछ लोगों की राजनीतिक बयानबाजी से विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है। डॉ जैन ने विश्वास जताया नगर हित सर्वोपरि है और रहेगा।

# तंबाकू नियंत्रण के लिए कोरासी में शिविर लगाया एवं निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग ब्लॉक के ग्राम कोरासी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू-मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में जन-जागरूकता शिविर एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक से हुई, जिसमें तंबाकू-मुक्त ग्राम बनाने हेतु विस्तृत क्रियान्वयन योजना पर चर्चा कर व्यवस्थित रूपरेखा तैयार की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से तंबाकू-मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया।

बैठक के पश्चात स्वस्थ जीवन एवं तंबाकू-मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई। पूरे गांव में जागरूकता रैली निकालकर आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही दुकानों एवं शासकीय संस्थाओं में पोस्टर चिपकाकर तंबाकू निषेध का संदेश प्रसारित किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला तंबाकू नियंत्रण सेल एवं सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बीएमओ आरंग डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, डॉ. प्रज्ञा लोधी, डॉ. कंचन गुप्ता, डॉ. शिवानी नायक, डॉ. देवेंद्र बंजारे, धनंजय गोस्वामी (असिस्टेंट प्रोफेसर), अनमोल पटेल, अभय राय, जयंती अवस्थी (काउंसलर), सेक्टर सुपरवाइजर परसराम साहू, एलएचवी श्रीमती उर्मिला देवांगन, अश्वनी कुमार साहू, दयालु भारद्वाज, खिलानंद साहू, लीना देवांगन, मीना सेन, सुशीला साहू, अमरीका साहू, प्रभा साहू सहित मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्राम कोरासी के सरपंच राकेश पटेल, उप-सरपंच कृष्णा साहू, सोहन साहू, वीरेंद्र कुमार टंडन, नाथू साहू, प्रहलाद साहू, गीता साहू, गुमान धीवर की विशेष उपस्थिति रही, जो सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से नशा त्याग का प्रभावी संदेश दिया गया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय तंबाकू त्याग एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित हुआ। सेक्टर भैंसा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कूंरा के शायर इरफान खान उर्दू साहित्य रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी के विमतारा ऑडिटोरियम में प्रदेश की प्रतिष्ठित संस्था श्री साईनाथ फाउंडेशन और सरस्वती बुक्स के संयुक्त तत्वाधान में 'सरस्वती साहित्य सम्मान' समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस आयोजन में इस वर्ष नगर पंचायत कूँरा के उभरते शायर इरफ़ान खान को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए 'प्रथम मोहम्मद अजीम खान स्मृति युवा उर्दू साहित्य सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य और पत्रकारिता के विविध आयामों पर दो सत्रों में परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी एवं युवा लेखिका डॉ. शुभा मिश्रा 'कनक' ने सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए विषय को गहराई प्रदान की।




सम्मान समारोह के मुख्य सत्र में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मानस मर्मज्ञ नर्मदा प्रसाद मिश्र 'नरम' और उर्दू अकादमी की पूर्व अध्यक्ष नजमा अजीम खान जैसे गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अजीम खान द्वारा इस वर्ष से उर्दू साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं के प्रोत्साहन हेतु अपने पति की स्मृति में 'मोहम्मद अजीम खान स्मृति सम्मान' की शुरुआत की गई है। इस श्रेणी का पहला सम्मान कूँरा धरसींवा के युवा कवि और शायर इरफ़ान खान को प्रदान किया गया, जिन्होंने बेहद कम समय में उर्दू शायरी के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है।

पेज 11 के शेष...

### कक्षा छठवीं से ...

मानी जाएगी और उसके साथ दो भारतीय भाषाएं पढ़ानी होंगी। अगर कोई स्कूल फ्रेंच या जर्मन जैसी कोई और विदेशी भाषा तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाता है, तो उसके साथ भी दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी। भाषाओं को लागू करने के लिए बनाई गई समिति ने सिफारिश की है कि तीनों भाषाएं कक्षा 9 और 10 तक जारी रहें। यानी आगे चलकर तीसरी भाषा को कक्षा 10 तक अनिवार्य किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, साल 2031 में होने वाली कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में छात्रों को तीसरी भाषा का पेपर भी देना होगा। अभी तक बोर्ड परीक्षा में दो ही भाषाओं की परीक्षा होती है।

**इसलिए अधिक समय**–कक्षा 6वीं से 8वीं में तीसरी भाषा शुरू की जाएगी। इस भाषा को सीखने के लिए ज्यादा समय दिया जाएगा, क्योंकि यह छात्रों के लिए नई और अनजानी भाषा हो सकती है। डॉक्यूमेंट्स में कहा गया है कि तीसरी भाषा को सीखने के लिए प्रैक्टिस और समय जरूरी है, ताकि छात्र रोजमर्रा की बातचीत करने में सक्षम हो सकें। बोर्ड का मानना है कि भाषा शिक्षा छात्रों को अपनी संस्कृति, विरासत और समाज से जोड़ती है। भारत में कई समृद्ध भाषाएं हैं और हर भाषा की अपनी साहित्यिक परंपरा है। तीन भाषाएं सीखने से छात्र बहुभाषी बनेंगे, विविधता में एकता को समझेंगे और देश की एक मजबूत पहचान विकसित कर सकेंगे।

### नई किताबें और ...

मटेरियल तैयार कर रहा है। इनमें तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और बांग्ला जैसी भाषाएं शामिल होंगी। इस नए नियम से छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा सीखनी होगी। इससे पढ़ाई का दायरा बढ़ेगा, लेकिन साथ ही उन्हें नई भाषाएं और संस्कृतियां समझने का मौका भी मिलेगा। बोर्ड के अनुसार, आने वाले वर्षों में यह बदलाव शिक्षा प्रणाली में बड़ा परिवर्तन साबित हो सकता है।

### विरोध के बाद 24 ...

टाइम-टेबल बदल दिया है। 27 फरवरी से होने वाली परीक्षाओं के लिए समय-सारिणी 23 फरवरी को जारी की गई थी। मात्र 4 दिन के शॉर्ट नोटिस में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित किए जाने संबंधित आदेश से शिक्षकों के साथ छात्र भी हैरान थे। कम समय में परीक्षाओं की तैयारी नहीं हो पाने तथा अधूरे कोर्स को लेकर कई विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी चिंता जाहिर की थी। छात्र संगठन द्वारा भी जिला शिक्षा कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन किया गया। हालात को देखते हुए अंततः जिला शिक्षा कार्यालय ने समय-सारिणी वापस लेते हुए संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। नवीन समय-सारिणी के अनुसार, नवमी कक्षा की परीक्षाएं 25 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक संचालित होगी। ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षाएं भी इन्हीं तिथियों में आयोजित की जाएगी। नवमी कक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पर्चे के साथ होगी, जबकि ग्यारहवीं कक्षा की शुरुआत अंग्रेजी विषय के पर्चे से होगी। संशोधित समय-सारिणी स्कूलों को प्रेषित कर दी गई है।

### महादेवघाट खारुन के ...

में जो कार्य प्रमुखता से कराए जाएंगे उनमें केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से प्रारंभ होकर भाठागांव मार्ग तक बनाया जाएगा। इस कार्य में 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह मार्ग एनएच 53 के समानांतर विकसित किया जाएगा, इस मार्ग के निर्माण से भाठागांव ,संतोषीनगर,पचपेड़ी नाका परआए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को निजात मिलेगी। इसी तरह कचना क्रासिंग से सेंट जेवियर होते हुए वीआईरोड सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य कराया जाएगा, इसके लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह मार्ग कचना, अवंतिविहार, खम्हारडीह को सीधे जीई रोड और वीआईपी रोड से जोड़ेगा। इससे आने वाले दिनों में शहर के आंतरिक भागों में यातायात का दबाव कम होगा। महापौर मीनल चौबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गॉस मेमोरियल खेल मैदान उन्नयन की योजना पर काम किया जाएगा, इसके लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

### नशे में निजी ...

एक्स आर्मी मैन है। स्पॉ सेंटर में हवाई फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, प्रतापगढ़ निवासी सुनील कुमार पाण्डेय तथा पेशे से ड्राइवर मोवा निवासी अंगद सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना कटोरातालाब मेन रोड स्थित रतन पैलेस के पास संचालित एफजेड सेलून की है। स्पॉ सेंटर संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई है कि घटना दिनांक को सुनील ड्राइवर के साथ स्पॉ सेंटर में पहुंचा और मसाज कराने की बात कही। सुनील पाण्डेय एक निजी कंपनी में पीएसओ के पद पर कार्यरत है। घटना के बाद पुलिस सुनील पाण्डेय की उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क कर उसके क्रिमिनल रिकार्ड के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**दूसरे दिन आने की बात कहने पर भड़क गया पीएसओ** –सुनील जब मसाज कराने स्पॉ सेंटर पहुंचा था, उस समय स्पॉ सेंटर में काम करने वाले सभी कर्मचारी काम समाप्त कर चले गए थे। स्पॉ सेंटर संचालिका स्पॉ बंद कर घर जाने की तैयारी कर रही थी। इस स्थिति में स्पॉ सेंटर संचालिका ने सुनील को दूसरे दिन स्पॉ कराने आने की बात कही। इस बात से नशे में धुत्त सुनील भड़क गया और स्पॉ सेंटर संचालिका के साथ विवाद करने लगा।

**तैश में आकर की फायरिंग** –बहस करने के दौरान सुनील तथा उसका साथी स्पॉ सेंटर संचालिका के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान स्पॉ सेंटर संचालिका ने दोनों को गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर सुनील भड़क गया और अपना लाइसेंसी पिस्टल निकालकर स्पॉ सेंटर संचालिका को धमकाने लगा। इस दौरान सुनील ने हाथ ऊपर कर हवाई फायरिंग कर स्पॉ सेंटर संचालक को धमकाते हुए मौके से अपने साथी के साथ भाग गया।

**सुनील द्वारा हवाई फायरिंग करने से स्पॉ सेंटर** –'चालिका बुरी तरह डर गई और उसके मुंह से चीख निकल गई। महिला की चीख सुन आसपास के रहवासी तथा दुकानदार मौके पर पहुंचने लगे। लोगों को अपनी तरफ आते देख सुनील तथा उसका साथी घबरा गया। लोगों के गुस्से का शिकार होने के डर से दोनों मौके से भाग गए।

## खबर संक्षेप

### नेचुरल गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का सीएम आज करेंगे उद्घाटन

रायपुर। एचसीजी रायपुर प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में शुक्रवार को सुबह 11 बजे वीआईपी रोड स्थित एक होटल में नेचुरल गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन समारोह आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

### भाजपा पार्षद के संरक्षण में धमकी, कांग्रेस का प्रदर्शन

रायपुर। गुढ़ियारी वार्ड में गौ माता के मृत देह से आ रही दुर्गंध को लेकर नगर निगम एवं संबंधित पार्षद की उदासीनता के खिलाफ सोशल मीडिया में आवाज उठाने वाले युवक तिलक साहू को भाजपा पार्षद एवं उसके रिश्तेदार द्वारा जान से मारने की धमकी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुढ़ियारी थाने के सामने प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा, जब एक जागरूक नागरिक ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे गंभीर विषय पर सवाल उठाया, तो उसका जवाब समाधान से नहीं बल्कि धमकी और डराने धमकाने की राजनीति से दिया गया। यह भाजपा की जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि एक आम युवक सोशल मीडिया में पोस्ट करता है और उसे जान से मारने की धमकी मिलती है, तो यह सीधे सीधे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

### कोयला श्रमिक की बेटी को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। ग्राम टेकारी मांढर निवासी वर्षा वर्मा ने योग साइंस में पीएचडी की



उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वर्षा वर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त की तथा हाईस्कूल परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने देव संस्कृति विश्वविद्यालय से बीएससी एवं एमएससी की परीक्षाएं गोल्ड मेडल के साथ उत्तीर्ण कर अपनी मेधा का परिचय दिया। उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ते हुए उन्होंने गौहाटी विश्वविद्यालय से योग साइंस में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में वे गौहाटी विश्वविद्यालय में योग साइंस विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे कोयला श्रमिक नेहरू लाल वर्मा एवं चंद्रवती वर्मा की सुपुत्री हैं।

## निधन

### सुशील भोले

रायपुर। संजय नगर टिकरापारा



निवासी वरिष्ठ साहित्यकार सुशील भोले (65) का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 फरवरी को सुबह मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. रामचंद्र वर्मा के पुत्र, स्व. सुरेश, मिथिलेश, कमलेश, प्रभा व सरोज के भाई थे।

### गीता देवी कुलदीप

रायपुर। सिद्धार्थ चौक टिकरापारा



निवासी गीता देवी कुलदीप का 26 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कोमल, रंजना,अशोक, लक्ष्मी व मुनिया की माता थीं।

### महेश कुमार बंजारा

रायपुर। अनंत विहार कॉलोनी दलदल



सिवनी मोवा निवासी महेश कुमार वंजारा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मनवर लाल वंजारा के पुत्र एवं सरवन, मुकेश, भीषम वंजारा के भाई और नील वंजारा के पिता थे।

# होली पर रेलवे स्टेशन में मुस्तैद रहेगी आरपीएफ, संदिग्धों और तस्करों पर पैनी नजर

**01 मार्च से प्लेटफार्म में बढ़ेगी यात्रियों की भीड़, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी आरपीएफ और जीआरपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने कमर कस ली है। ट्रेनों से लेकर प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर तक जांच अभियान तेज कर दिया गया है। आगामी 1 मार्च से ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर आरपीएफ के जवान तैनात किए जा रहे हैं। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आधुनिक सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। स्टेशन परिसर में आने-जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति और उनके सामान की सघन तलाशी ली जा रही है।

आरपीएफ प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि होली के दौरान गांजा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी की संभावना बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए मेल, एक्सप्रेस के साथ-साथ लोकल ट्रेनों को भी विशेष जांच के दायरे में रखा गया है। ट्रेन या प्लेटफॉर्म पर किसी भी तरह का विवाद करने वाले या व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





### भीड़ नियंत्रण और यात्री सुविधा पर जोर

यात्रियों के सुरक्षित और आरामदायक सफर के लिए स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। भारी भीड़ की स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ाने और उतारने के लिए जवानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि भीड़ के दौरान यात्रियों को समस्या न हो। इसके अलावा नियमित रूप से यात्रियों के बैग और सामान की जांच की जा रही है ताकि सफर के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। डॉगस्क्वॉड की मदद से प्लेटफार्म में वेटिंग हॉल, आरक्षण केंद्र, टिकट काउंटर समेत सभी जगहों से जांच की जा रही है।

## मालिकों के विरुद्ध प्रकरण बनाते हुए जुर्माना लगाया गया

# खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो दिन में रेत से भरी 26 हाईवा पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खनिज विभाग ने रायपुर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पिछले दो दिन में कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने दिन और रात के समय निरीक्षण करते हुए रेत से भरी 26 गाड़ियों को पकड़ा है, वहीं चूना पत्थर से भरी एक हाईवा पकड़ी गई है। जितनी गाड़ियां पकड़ी गई हैं, उनमें रायपुर जिले के अलावा धमतरी जिले की भी हैं। इन सभी हाईवा चालकों के पास रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इसके आधार पर इन सभी गाड़ियों को जब्ती बनाते हुए संबंधित क्षेत्र के विभिन्न थानों में खड़ी कराते हुए उनके मालिकों के विरुद्ध प्रकरण बनाते हुए जुर्माना लगाया गया है।

खनिज विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिला खनिज अधिकारी राजेंद्र मालवे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने 24 एवं 25 फरवरी को जिले के आरंग, अभनपुर, नया रायपुर, मंदिर हसौद सहित विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात के समय में निरीक्षण करते हुए परिवहन कर ले जा रही रेत और चूना पत्थर से भरी गाड़ियों की जांच की।



**अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही**

कलेक्टर के निर्देश पर लगातार निरीक्षण कर खनिज सामग्री के अवैध परिवहन, भंडारण और उत्खनन पर अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में अवैध रेत, चूना पत्थर परिवहन में संलिप्त 27 गाड़ी पकड़ी गई हैं। सभी वाहन को जब्ती बनाकरउनके मालिकों से अर्थदंड वसूला जा रहा है।
**- राजेंद्र मालवे**, जिला अधिकारी, खनिज विभाग रायपुर

इस जांच के दौरान रेत से भरी 26 हाईवा चालकों के पास रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इसके अलावा चूना पत्थर से भरी एक हाईवा का चालक भी बिना रायल्टी पर्ची के परिवहन कर ले जा रहा था। इस तरह कुल 27 हाईवा गाड़ियों को विभाग ने जब्ती बनाया है। कार्रवाई की गई टीम में जिला सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में स्तुति निगम, रघुनाथ भारद्वाज के अलावा सिपाही भी मौजूद रहे।

### 7 लाख से अधिक जुर्माना

बिना रायल्टी के परिवहन करते पकड़ी गई सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध विभाग ने प्रकरण दर्ज कर उन पर अर्थदंड लगाया है। बताया गया कि प्रत्येक रेत, चूनापत्थर से भरी हाईवा मालिक पर 27 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। इस तरह इन गाड़ियों के मालिकों से कुल 7 लाख रुपए से ज्यादा राशि जुर्माना के रूप में वसूल की जाएगी।

### कवर्धा, बेमेतरा, भिलाई की गाड़ी भी पकड़ी गई

पकड़ी गई गाड़ियों में रायपुर के अलावा कवर्धा, बेमेतरा और भिलाई की गाड़ियां भी पकड़ी गई है। इनमें से कई गाड़ियां धमतरी से रायपुर की ओर और कई गाड़ियां रायपुर से धमतरी, बेमेतरा, कवर्धा की ओर जा रही थी।

### ये गाड़ियां पकड़ी गईं

सीजी07सीयू0617,
सीजी07सीयू6849,
सीजी07सीक्यू2557,
सीजी04क्यूएन3787,
सीजी04क्यूजी7701,
सीजी04एमएन6825,
सीजी04एनएल7780,
सीजी04एसएल7780,
सीजी10एएक्स2470,
सीजी04क्यूएच5687,
सीजी06जीडब्ल्यू8744,
सीजीएम4889,
सीजी07बीडब्ल्यू8553,
सीजी04बीएफ5483,
सीजी04एमके2338,
सीजी05सीवाय8910,
सीजी04पीडब्ल्यू4212 सहित अन्य गाड़ियां शामिल हैं।

# पुलिस से बचने हाईटेक तरीके से गांजा तस्करी, मुकेश बनिया भाई सहित गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया तथा उसके भाई संजू को पुलिस ने गांजा तथा अन्य तरह के प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

■ दो महीने से ज्यादा समय तक छकाने के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

दोनों तस्करों को पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की भनक लगते ही मुकेश बनिया दो महीने तक पुलिस को छकाता रहा था। पुलिस से बचने मुकेश बनिया छत्तीसगढ़ के बाहर ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा राजस्थान में भागे फिर रहा था।

डीसीपी सेंट्रल उमेश गुप्ता, डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाल के अनुसार दोनों भाइयों के कब्जे से छह किलो गांजा के साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलट जब्त की गई है। मुकेश बनिया के खिलाफ गांजा तस्करी, एनडीपीएस एक्ट, हत्या सहित अन्य गंभीर धराओं में अलग-अलग थानों में 31 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मुकेश के कब्जे से एक देशी कट्टा के साथ तीन जिंदा कारतूस भी जब्त किया है। मुकेश के भाई संजू के खिलाफ 15 प्रकरण दर्ज हैं। दोनों भाई कालीबाड़ी नेहरू नगर में सक्रिय होकर गांजा का अवैध कारोबार कर रहे थे।

**जेल से संचालन :** आरोप है कि मुकेश के जेल जाने के बाद भी उसका गांजा का कारोबार अनवरत चलता रहता है। मुकेश जेल के अंदर से बैठे-बैठे अपने गुर्गों को निर्देश देकर आसानी से अपने गांजा तस्करी के साम्राज्य को संचालित करता है। मुकेश बनिया जेल के अंदर किसी तरह से गांजा का अवैध कारोबार को संचालित न कर पाए, इसके लिए पुलिस ने सबसे पहले उसके गुर्गों पर शिकंजा कसने का काम किया।

### हाईड आउट कार्रवाई से बचने ऐसी तैयारी

पुलिस की हाईड आउट कार्रवाई से बचने मुकेश बनिया ने तमाम तरह के उपाय किए थे। इसके लिए उसने नेहरू नगर के एंट्री पाइंट में हाईरोज्यूलेशन सीसीटीवी कैमरा एवं मोशन सेंसर लगाने के साथ वाई फाई लगवाया था। गांजा तौलने इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के साथ पैकिंग करने प्लास्टिक की छोटी थैली तक की व्यवस्था कर रखी थी। कैमरा लगाने के साथ गली के अंदर अपने पाले हुए मुखबिरों की फौज तैयार रखता था। पुलिस की दबिश पड़ने पर सब अलर्ट हो जाते थे और मौके से फरार हो जाते थे।

# तहसील कार्यालय में वकीलों का हंगामा, रिश्वत मांगने का आरोप, कर्मचारी से बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के तहसील कार्यालय का एक विडियो वायरल हुआ है। इस विडियो में कुछ वकीलों ने अतिरिक्त तहसीलदार ख्याति नेताम के कोर्ट दफ्तर में जमकर हंगामा किया।

हंगामा करने की वजह कर्मचारियों द्वारा नकल दस्तावेज निकालने के बाद वकील से रिश्वत मांगना बताया जा रहा है। वकीलों ने रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों से बदसलूकी करते हुए उन्हें अपना पावर भी बता रहे हैं। इस दौरान एक वकील ने एक कर्मचारी का नाम पूछने के दौरान उसकी जाति पूछते हुए उसे धक्का भी मारा। इस घटना का विडियो वायरल होने के बाद अब यह मामला एसडीएम नंदकुमार चौबे तक पहुंच गया है। तहसीलदार राममूर्ति दीवान ने बताया कि इस मामले में वकीलों के साथ कार्यालय के कर्मचारियों ने भी एसडीएम नंदकुमार चौबे से शिकायत की है। इस मामले में एसडीएम ने जांच कराने की बात कही है।



### हंगामे के बीच तहसीलदार, मंत्री को भी कहे अपशब्द

विडियो में हंगामे के बीच एक वकील ने तहसीलदार से लेकर एक मंत्री पर भी पैसे लेने का आरोप लगाया है। वकील का कहना है कि वह मंत्री से जब मिलता है, तो उनके साथ भी इसी तरह बात करता हूं। यह घटना 25 फरवरी के दोपहर बाद की है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। फिलहाल इस घटना के बाद तहसील कार्यालय और वकील संघ के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# मरहीमाता मंदिर, स्टेशन मार्ग, नहरपारा से हटाया अतिक्रमण, दो दर्जन अवैध ठेले हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

राजधानी के यातायात को सुगम बनाने और मुख्य मार्ग को सुव्यवस्थित बनाने के मकसद से गुरुवार को नगर निगम और यातायात पुलिस ने टीम प्रहरी अभियान चलाया। इसके तहत मरही माता मंदिर मार्ग, मेकाहारा चौक, स्टेशन मार्ग और नहर पारा मुख्य मार्ग में अतिक्रमण हटाने टीम निकली। इस दौरान 23 अवैध ठेले हटाए गए, वहीं सड़क घेरकर सामान रखने वाले 27 दुकानदारों से करीब 18 हजार रुपए का ई चालान वसूला गया।

■ सड़क घेरकर सामान रखने वाले 27 दुकानदारों पर 18 हजार जुर्माना

सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ शहर के विभिन्न मार्गो में नगर निगम यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की टीम इन दिनों अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार के निर्देश और एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय की टीम ने जोन 2 क्षेत्र के मरही माता मंदिर चौक से मेकाहारा चौक होते हुए रेलवे स्टेशन मार्ग में अवैध ठेले व गुमटी हटाने और सड़क यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई करने अभियान चलाया। इसी तरह नहरपारा मुख्य मार्ग में दुकानदारों को एक बार भी समझाइश दी गयी कि वे सड़क पर कब्जा ना करें। नियम की अवहेलना करने पर सड़क पर रखे उनके सामान की जब्ती कर ली जाएगी।

जोन 2 क्षेत्र में 23 ठेलो को मार्ग कब्जामुक्त करने हटाया गया, वहीं 27 दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा जमाकर रखे गये सामानो से यातायात बाधित होने पर संबंधित दुकानदारों से लगभग 18 हजार रुपए ई चालान वसूला गया।

**टीम प्रहरी अभियान**



# कनेक्टिंग फ्लाइट से जयपुर जाने वाले यात्री दिल्ली एयरपोर्ट में फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कनेक्टिंग फ्लाइट की मदद से रायपुर से जयपुर की यात्रा करने वाले करीब तीन दर्जन यात्री दिल्ली एयरपोर्ट में फंस गए। दरअसल उन्हें रायपुर से दिल्ली लेकर फ्लाइट 2 घंटे लेट से पहुंची, तब तक जयपुर का विमान उड़ान भर चुका था। नाराज यात्रियों ने इसे लेकर दिल्ली विमानतल पर हंगामा कर दिया। यात्रियों के विरोध पर विमानन कंपनी ने 2000 क्षतिपूर्ति देने की बात कही, जिससे गुस्सा और भड़क गया।

■ रायपुर से घंटेभर लेट पहुंचा विमान, जयपुर वाली फ्लाइट हो चुकी थी टेकऑफ

यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर निजी एयरलाइंस कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया है। जारी वीडियो के मुताबिक यात्रियों ने रायपुर से दिल्ली फिर जयपुर जाने के लिए फ्लाइट का टिकट 10 से 20 हजार रुपए देकर बुक कराया था। फ्लाइट में सवार होकर यात्री जब दिल्ली पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि जिस फ्लाइट में उन्हें जयपुर की यात्रा करना है, वो रवाना हो चुकी है।



वीडियो में यात्री अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-रायपुर की फ्लाइट निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से पहुंची थी। यहां से उसके सफर की शुरुआत भी विलंब से हुई। फ्लाइट के दिल्ली में लैंड होने के बाद यात्रियों को काफी देर तक प्लेन में रोका गया और उनके हंगामा मचाने पर उतारा गया। कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने यात्री दौड़े, मगर देर हो चुकी थी और जयपुर जाने वाली फ्लाइट जा चुकी थी। इसके बाद यात्रियों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने एयरपोर्ट में विमानन कंपनी के काउंटर के समीप अपनी दिक्कत बताते हुए हंगामा कर दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि उनका टिकट कैंसिल कर कंपनी ने दूसरे को बेच दिया। उनके विरोध करने पर विमानन कंपनी के कर्मचारियों ने यात्रियों को 2-2 हजार रुपए क्षतिपूर्ति लेकर बस अथवा अन्य साधनों से जयपुर जाने की सलाह दी।

## बिजनेस साइट

### कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में ज्ञानवर्धक कार्यशाला

**रायपुर।** कोलंबिया प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 'नए श्रम संहिता, 2025 को समझना' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन यूनिवर्सिटी सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भूपेंद्र करवांडे, सहायक प्रोफेसर, छत्तीसगढ़ कॉलेज, रायपुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित कुलाधिपति किशोर जादवानी, प्रो-चांसलर हरजीत सिंह हुरा, सीईओ रविंद्र सिंह हुरा, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ. करवांडे ने केंद्र सरकार द्वारा लागू चार प्रमुख श्रम संहिताओं मजदूरी



संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थितियां संहिता 2020 को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने शिकायत निवारण, सुलह-मध्यस्थता, औद्योगिक न्यायाधिकरण, हड़ताल-तालाबंदी नियम और कार्यस्थल सुरक्षा मानकों पर विस्तार से जानकारी दी।

## पेज 9 के शेष

### कक्षा छठवीं से तीन भाषाएं ...

मानी जाएगी और उसके साथ दो भारतीय भाषाएं पढ़ानी होंगी। अगर कोई स्कूल फ्रेंच या जर्मन जैसी कोई और विदेशी भाषा तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाता है, तो उसके साथ भी दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी।

भाषाओं को लागू करने के लिए बनाई गई समिति ने सिफारिश की है कि तीनों भाषाएं कक्षा 9 और 10 तक जारी रहें। यानी आगे चलकर तीसरी भाषा को कक्षा 10 तक अनिवार्य किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, साल 2031 में होने वाली कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में छात्रों को तीसरी भाषा का पेपर भी देना होगा। अभी तक बोर्ड परीक्षा में दो ही भाषाओं की परीक्षा होती है।

**इसलिए अधिक समय :** कक्षा 6वीं से 8वीं में तीसरी भाषा शुरू की जाएगी। इस भाषा को सीखने के लिए ज्यादा समय दिया जाएगा, क्योंकि यह छात्रों के लिए नई और अनजानी भाषा हो सकती है। डॉक्यूमेंट्स में कहा गया है कि तीसरी भाषा को सीखने के लिए प्रैक्टिस और समय जरूरी है, ताकि छात्र रोजमर्रा की बातचीत करने में सक्षम हो सकें। बोर्ड का मानना है कि भाषा शिक्षा छात्रों को अपनी संस्कृति, विरासत और समाज से जोड़ती है। भारत में कई समृद्ध भाषाएं हैं और हर भाषा की अपनी साहित्यिक परंपरा है। तीन भाषाएं सीखने से छात्र बहुभाषी बनेंगे, विविधता में एकता को समझेंगे और देश की एक मजबूत पहचान विकसित कर सकेंगे।

### नई किताबें और पढ़ाई का...

मटेरियल तैयार कर रहा है। इनमें तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, गुजराती और बांग्ला जैसी भाषाएं शामिल होंगी। इस नए नियम से छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा सीखनी होगी। इससे पढ़ाई का दायरा बढ़ेगा, लेकिन साथ ही उन्हें नई भाषाएं और संस्कृतियां समझने का मौका भी मिलेगा। बोर्ड के अनुसार, आने वाले वर्षों में यह बदलाव शिक्षा प्रणाली में बड़ा परिवर्तन साबित हो सकता है।

### विरोध के बाद 24 घंटे पहले बदली...

टाइम-टेबल बदल दिया है। 27 फरवरी से होने वाली परीक्षाओं के लिए समय-सारिणी 23 फरवरी को जारी की गई थी। मात्र 4 दिन के शॉर्ट नोटिस में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित किए जाने संबंधित आदेश से शिक्षकों के साथ छात्र भी हैरान थे। कम समय में परीक्षाओं की तैयारी नहीं हो पाने तथा अधूरे कोर्स को लेकर कई विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी चिंता जाहिर की थी। छात्र संगठन द्वारा भी जिला शिक्षा कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन किया गया। हालात को देखते हुए अंततः जिला शिक्षा कार्यालय ने समय-सारिणी वापस लेते हुए संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी है। नवीन समय-सारिणी के अनुसार, नवमी कक्षा की परीक्षाएं 25 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक संचालित होगी। ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षाएं भी इन्हीं तिथियों में आयोजित की जाएगी। नवमी कक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पर्चे के साथ होगी, जबकि ग्यारहवीं कक्षा की शुरुआत अंग्रेजी विषय के पर्चे से होगी। संशोधित समय-सारिणी स्कूलों को प्रेषित कर दी गई है।

### महादेवघाट खारुन के लिए ट्रैफिक...

में जो कार्य प्रमुखता से कराए जाएंगे उनमें केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से प्रारंभ होकर भाठागांव मार्ग तक बनाया जाएगा। इस कार्य में 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह मार्ग एनएच 53 के समानांतर विकसित किया जाएगा, इस मार्ग के निर्माण से भाठागांव ,संतोषीनगर,पचपेड़ी नाका परआए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को निजात मिलेगी।

इसी तरह कचना क्रासिंग से सेंट जेवियर होते हुए वीआईरोड सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन का कार्य कराया जाएगा, इसके लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह मार्ग कचना, अवंतिविहार, खम्हारडीह को सीधे जीई रोड और वीआईपी रोड से जोड़ेगा। इससे आने वाले दिनों में शहर के आंतरिक भागों में यातायात का दबाव कम होगा। महापौर मीनल चौबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गॉस मेमोरियल खेल मैदान उन्नयन की योजना पर काम किया जाएगा, इसके लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

### नशे में निजी पीएसओ ने स्पॉ...

एक्स आर्मी मैन है। स्पॉ सेंटर में हवाई फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, प्रतापगढ़ निवासी सुनील कुमार पाण्डेय तथा पेशे से ड्राइवर मोवा निवासी अंगद सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना कटोरातालाब मेन रोड स्थित रतन पैलेस के पास संचालित एफजेड सेलून की है। स्पॉ सेंटर संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई है कि घटना दिनांक को सुनील ड्राइवर के साथ स्पॉ सेंटर में पहुंचा और मसाज कराने की बात कही। सुनील पाण्डेय एक निजी कंपनी में पीएसओ के पद पर कार्यरत है। घटना के बाद पुलिस सुनील पाण्डेय की उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क कर उसके क्रिमिनल रिकार्ड के बारे में जानकारी जुटा रही है।

**दूसरे दिन आने की बात कहने पर भड़क गया पीएसओ :** सुनील जब मसाज कराने स्पॉ सेंटर पहुंचा था, उस समय स्पॉ सेंटर में काम करने वाले सभी कर्मचारी काम समाप्त कर चले गए थे। स्पॉ सेंटर संचालिका स्पॉ बंद कर घर जाने की तैयारी कर रही थी। इस स्थिति में स्पॉ सेंटर संचालिका ने सुनील को दूसरे दिन स्पॉ कराने आने की बात कही। इस बात से नशे में धुत्त सुनील भड़क गया और स्पॉ सेंटर संचालिका के साथ विवाद करने लगा।

**तैश में आकर की फायरिंग :** बहस करने के दौरान सुनील तथा उसका साथी स्पॉ सेंटर संचालिका के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान स्पॉ सेंटर संचालिका ने दोनों को गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर सुनील भड़क गया और अपना लाइसेंसी पिस्टल निकालकर स्पॉ सेंटर संचालिका को धमकाने लगा। इस दौरान सुनील ने हाथ ऊपर कर हवाई फायरिंग कर स्पॉ सेंटर संचालक को धमकाते हुए मौके से अपने साथी के साथ भाग गया।

सुनील द्वारा हवाई फायरिंग करने से स्पॉ सेंटर संचालिका बुरी तरह डर गई और उसके मुंह से चीख निकल गई। महिला की चीख सुन आसपास के रहवासी तथा दुकानदार मौके पर पहुंचने लगे। लोगों को अपनी तरफ आते देख सुनील तथा उसका साथी घबरा गया। लोगों के गुस्से का शिकार होने के डर से दोनों मौके से भाग गए।

## खबर संक्षेप

### गुलाल के व्यंग्य संग्रह अउ का कहिबे का विमोचन कल



**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार गुलाल वर्मा के व्यंग्य संग्रह अउ का कहिबे का विमोचन समारोह प्रेस क्लब मोतीबाग में रखा गया है। पुस्तक का विमोचन 28 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से वैभव प्रकाशन के तत्वावधान में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा होंगे, वहीं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, वनौषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला एवं वरिष्ठ साहित्यकार दुर्ग बद्री प्रसाद पारकर होंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा हैं।

### धोबी समाज का महाधिवेशन कल

**रायपुर।** धोबी समाज की महान अधिवेशन 28 फरवरी को तिल्दा नेवरा स्थित कोटा में आयोजित है। जिसमें विवाहयोग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सक्रिय पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इस दो दिवसीय अधिवेशन में सामाजिक निराकरण के लिए सभापति संरक्षक चोवाराम रजक होंगे। अधिवेशन का शुभारंभ समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता चार राज नवपार के अध्यक्ष अशोक कुमार निर्मलकर करेंगे। अधिवेशन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्यमंत्री की निजी सचिव तुलसी कौशिक, किसान नेता राजू शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल सहित अनेक दिग्गज नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### बजट : औद्योगिक श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए निराशाजनक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सीमेंट स्टील खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ के संरक्षक शंकर सिंह निर्मलकर ने कहा छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट राज्य के मेहनतकश औद्योगिक श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए निराशाजनक और ठगने वाला साबित हुआ है। एक तरफ जहां सरकार सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भारी वृद्धि के आंकड़े पेश कर रही है, वहीं राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में जान जोखिम में डालकर काम करने वाले मजदूरों के लिए बजट में कोई ठोस राहत नहीं है। यह बजट राज्य की प्रगति में दिन-रात योगदान देने वाले मजदूरों को 'ठगा गया' महसूस कराता है।

### मूकबधिर दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैंप आज

रायपुर। मूकबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प विशेष रोजगार कार्यालय द्वारा 27 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर सिविल लाइन में होगा। इस कैंप में वेयर हाउस हेल्पर के 20 पदों की भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का वेतन 13,777 रूपए होगा एवं कार्यक्षेत्र फ्लिपकार्ट एफसीएमएच तेन्दुआ रायपुर होगा।

# अंग्रेजी पर्चे को लेकर विवाद, एक नंबर के सवाल में पूछे तीन तथ्य, सैंपल पेपर से इतर पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 24 फरवरी को आयोजित की गई दसवीं कक्षा की इंग्लिश विषय की परीक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शिक्षकों के व्हाट्सऐप ग्रुप से लेकर कई सोशल साइट्स में इसे लेकर आपत्ति की गई है। छात्र, अभिभावक और शिक्षकों का कहना है कि प्रश्न पत्र प्रथम भाषा की तुलना में अत्यंत लंबा था। डाटा एनालिसिस के प्रश्नों के अंतर्गत एक नंबर के सवाल में तीन बातें पूछ ली गईं। टेक्सट बेस्ड प्रश्न भी पूछे गए, जो बोर्ड के सैंपल पेपर में नहीं थे। अर्थात निर्धारित पैटर्न के इतर सवाल पूछे गए। डाटा एनालिसिस में स्टडी स्किल के लंबे सवाल पूछे गए। छात्रों के परीक्षा परिणाम सुधारने उत्कर्ष योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रयास किए जा रहे हैं कि विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहे। शिक्षकों में इसे लेकर भी दबाव है। इंग्लिश पर्चे के कारण छात्र व विद्यालय का परिणाम खराब होने की चिंता भी उन्होंने जाहिर की है। बारहवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से तथा दसवीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ हुई हैं। मंडल को अब तक किसी भी विषय में नकलची नहीं मिले हैं।

**प्रश्नों की लंबाई, टेक्सट बेस्ड सवालों को लेकर भी छात्रों-शिक्षकों में नाराजगी**

#### दूरस्थ क्षेत्रों के लिए अधिक कठिन

शिक्षकों और अभिभावकों के अनुसार, प्रश्नपत्र का स्तर पीएमश्री और स्वामी आत्मानंद विद्यालयामें अध्ययनरत छात्रों के लिए औसत था, लेकिन सामान्य हिंदी माध्यम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए कठिनाई का स्तर अत्यंत उच्च रहा। शिक्षकों और अभिभावकों का एक वर्ग इसे लेकर मंडल से मुलाकात करने की तैयारी में है। उनका कहना है कि छात्रहित में मंडल को इस बात को संज्ञान में लेते हुए बोनस अंक देना चाहिए या फिर मूल्यांकन मे नरमी बरतनी चाहिए। प्रश्नपत्र के लंबे प्रश्नों को पढ़ने और समझने में बच्चों का टाइम मैनेजमेंट भी बिगड़ा।



#### विशेषज्ञ करते हैं जांच

हमारे पास फिलहाल कोई आपत्ति नहीं आई है। हमारे विषय विशेषज्ञ प्रतिदिन विश्लेषण करते हैं। यदि आपत्ति आती है तो नियम में रहकर कार्रवाई करेंगे। नियम से बाहर नहीं जा सकते।

- पुष्पा साहू, सचिव, माशिम

## भारत माला परियोजना मुआवजा की सूची में कुछ प्रभावित किसानों के नाम ही शामिल नहीं

# दावा-आपत्तियों की सुनवाई के बाद भी निराकरण नहीं अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पाने भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

रायपुर जिले के अभनपुर क्षेत्र में भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई भूमि के बदले मुआवजा देने में जहां बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित किसानों की सूची तैयार करने में भी पटवारी और तहसीलदारों ने गड़बड़ी की है। इसके तहत कई प्रभावित किसानों को जहां कम मुआवजा मिला है, वहीं कुछ ऐसे भी किसान हैं, जिनके नाम ही सूची में शामिल नहीं हैं, जबकि उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई है। इन किसानों में से एक किसान ने इसकी शिकायत पूर्व में अभनपुर एसडीएम कार्यालय में की थी, जिसकी जांच भी कराई गई। इस जांच में शिकायत सही भी पाई गई, लेकिन इसके बाद भी किसान का नाम अधिग्रहित जमीन मुआवजा की सूची में शामिल नहीं हो पाया है, और न ही उसे कोई मुआवजा मिल पाया है। ताज्जुब की बात यह है कि प्रभावित किसान ने संभाग कमिश्नर कार्यालय में दावा-आपत्ति लगाते हुए जमीन के पूरे प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ आवेदन भी किया था, जिसे देखकर कमिश्नर ने भी हैरानी व्यक्त की थी। उन्होंने मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी किसान को दिया था, लेकिन इसके बाद भी किसान लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहा है।

भारत माला परियोजना में अभनपुर क्षेत्र के ग्राम टोकरो में भी मुआवजा के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है। यहां भी पटवारी, तहसीलदार ने तत्कालीन एसडीएम के साथ मिलीभगत कर अधिग्रहित की गई कई किसानों की एक ही नंबर की खसरा भूमि को उनके परिवार के कई सदस्यों के नाम पर बैकडेट पर बटांकन करके उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा राशि का भुगतान करा दिया। इन सभी किसानों के नाम मुआवजा सूची में भी शामिल हैं। हालांकि इस गांव के कुछ किसान ऐसे भी हैं, जिनकी भूमि अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन उनका नाम मुआवजा सूची में शामिल नहीं किया। इनमें एक किसान ओमप्रकाश साहू है, जिसकी 56 वर्गमीटर भूमि अधिग्रहण के बाद भी उसका नाम पटवारी और तहसीलदार ने सूची में शामिल नहीं किया।

#### सीमांकन में शिकायत सही मिली पर किसान को नहीं मिला मुआवजा

ओमप्रकाश साहू ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि सूचना दिए कि उनकी भूमि अधिग्रहण कर ली गई है। इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने इसकी शिकायत एसडीएम अभनपुर कार्यालय में की थी। इस शिकायत पर उनकी भूमि की जांच कराई गई। इसके लिए भूमि का दोबारा सीमांकन कराया गया, जिसमें उसकी भूमि का 56 वर्गमीटर को अधिग्रहण होना पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर एनएचएआई को एक पत्र भी तहसील कार्यालय द्वारा लिखा गया है, जिसमें उनकी भूमि के अधिग्रहण की बात कहीं गई है। इस जांच और प्रतिवेदन के बाद भी किसान का नाम मुआवजा सूची में शामिल नहीं किया गया है।



#### संभाग कमिश्नर ने दावा-आपत्तियों की सुनवाई कर किया निराकरण

शासन के निर्देश पर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने भारत माला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में दावा-आपत्तियां मंगाई थी। रायपुर और धमतरी जिले से 150 से अधिक दावा-आपत्तियां की गई थी। इन दावा-आपत्तियों में शिकायतों को छोड़कर अन्य आवेदनों में आवेदकों को सुनवाई में बुलाया गया तथा उनकी बातें सुनकर उनका निराकरण कर इसकी रिपोर्ट शासन के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी गई।

#### टोकरो के किसान ने भी दिया था आवेदन

ग्राम टोकरो के प्रभावित किसान ओमप्रकाश ने भी संभाग कमिश्नर के समक्ष आवेदन किया था। इस आवेदन में किसान ने जमीन के संपूर्ण प्रमाणिक दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय की जांच एवं प्रतिवेदन रिपोर्ट की प्रतिलिपि भी लगाई थी। इन दस्तावेजों को देखकर कमिश्नर ने हैरानी जताई थी कि मुआवजा सूची में उनका नाम क्यों नहीं है। कमिश्नर ने किसान को मुआवजा मिल सके इसके लिए एसडीएम अभनपुर को कार्यवाही के लिए निर्देश भी दिए थे, लेकिन इसके बाद भी किसान की फाइल को कार्यालय में डंप कर दिया है।

#### पता लगवा रहा हूं

फाइल आई है या नहीं इसका पता लगवा रहा हूं। दफ्तर के कर्मचारी का कहना है कि ओमप्रकाश से संबंधित कोई फाइल नहीं है। पुरानी फाइल के अनुसार 56 वर्गमीटर की भूमि अधिग्रहण हुई है, जिसका मुआवजा के लिए एनएचएआई को पत्र भेजा जाएगा।

- रवि सिंह, एसडीएम अभनपुर

# आरडीए देगा सरचार्ज राशि में भारी छूट, संचालक मंडल की बैठक में निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की संचालक मंडल की बैठक गुरुवार को प्राधिकरण अध्यक्ष नंद कुमार साहू की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं के अंतर्गत आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों तथा कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ योजना एवं बोरियाखुर्द के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित एलआईजी और ईडब्लूएस फ्लैट तथा ईडब्लूएस स्वतंत्र मकानों की बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें आवासीय संपतियों के लिए सरचार्ज राशि में 50 फीसदी और व्यासायिक संपत्ति के सरचार्ज राशि में 30 फीसदी की छूट दी जाएगी। छूट की यह सुविधा 30 मई 2026 तक दी जाएगी। प्राधिकरण की ओर से बकाया राशि के एकमुश्त भुगतान में छूट मिलने से जहां हितग्राहियों को आर्थिक राहत मिलेगी, वहीं प्राधिकरण को वसूली योग्य राशि प्राप्त हो सकेंगी।

मूल राशि में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जावेगी, केवल सरचार्ज राशि में ही छूट दिया जाएगा। संचालक मंडल की बैठक में यह तय हुआ कि छत्तीरागढ़ गृह निर्माण मंडल में लागू नीति के अनुरूप आरक्षित कोटे का 3 बार विज्ञापन प्रसारित करने के बाद सामान्य कोटे में परिवर्तन रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भी किया जाएगा।

#### पुनर्निर्माण में पूर्व प्रस्तावित योजना अधिक

टिकरापारा योजना अंतर्गत 95 टेनामेंट के पुनर्निर्माण में पूर्व प्रस्तावित योजना अधिक व्यहारिक बनाने पूर्व प्रस्तावित फ्लैट की संख्या 168 जिसमें 56 यूनिट 1 बीएचके, 112 यूनिट 2 बीएचके के स्थान पर 144 फ्लैट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें 48 यूनिट 1 बीएचके और 96 यूनिट 2 बीएचके के अलावा 09 छोटे दुकान बनाने साथ ही पूर्व आबंटितियों को 1 बीएचके फ्लैट 6.50 लाख रुपए, 2 बीएचके फ्लैट 10.50 लाख रुपए में आबंटित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने व उन्हें सुगम, सुरक्षित व आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। गाड़ी संख्या 08405 पुरी-पुणे स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी (शुक्रवार) 2026 को पुरी से 06.00 बजे रवाना होगी तथा खुर्दा रोड आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.50 बजे, भुवनेश्वर आगमन 07.15 बजे, प्रस्थान 07.20 बजे, कटक आगमन 07.50 बजे, प्रस्थान 07.55 बजे, ढेंकानाल आगमन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे, तालचेर रोड आगमन 09.30 बजे, प्रस्थान 09.32 बजे, अनुगुल आगमन 09.55 बजे, प्रस्थान 09.57 बजे, संबलपुर सिटी आगमन 12.20 बजे, प्रस्थान 12.25 बजे, झारसुगुड़ा रोड आगमन 13.30 बजे, प्रस्थान 13.35 बजे, रायगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, बिलासपुर आगमन 18.15 बजे, प्रस्थान 18.25 बजे, रायपुर आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, दुर्ग आगमन 21.05 बजे, प्रस्थान 21.10 बजे, गोंदिया आगमन 23.04 बजे, प्रस्थान 23.06 बजे तथा दूसरे दिन नागपुर आगमन 01.10 बजे, प्रस्थान 01.15 बजे, वर्धा आगमन 02.10 बजे, प्रस्थान 02.12 बजे, बडनेरा आगमन 03.15 बजे, प्रस्थान 03.18 बजे, भुसावल आगमन 06.15 बजे, प्रस्थान 06.20 बजे, दौंड आगमन 14.58 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे होते हुये 16.50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने मोबाइल नंबर अपडेट कराने की बाध्यता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एचएसआरपी लगवाने मोबाइल नंबर अपडेशन करवाने की बाध्यता को परिवहन विभाग ने समाप्त कर दिया है। अप्रैल 2019 से पूर्व की गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के लिए लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता की वजह से आ रही थी। इस वजह से छत्तीसगढ़ में अब तक लगभग 12 लाख वाहनों में ही ऐसे नंबर प्लेट लगाए जा सके हैं। आम लोगों की इस दिक्कत को दूर करने के लिए परिवहन विभाग ने फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता ख़त्म करने की पुष्टि करते हुए बताया कि अब यह वैकल्पिक होगा। राज्य में अप्रैल 2019 को पूर्व 52 लाख गाड़ियां पंजीकृत हैं। पंजीकृत गाड़ियों में दो वर्षों में 12 लाख गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। इस लिहाज से दो वर्षों में अब तक केवल 23 फीसदी गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। अफसर के अनुसार मोबाइल नंबर अपडेशन कराने की बाध्यता समाप्त होने के बाद छह माह के भीतर वर्ष 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। पूर्व में एचएसआरपी लगवाने प्रकृया करने के पूर्व मोबाइल नंबर अपडेशन कराना पड़ता था। अब प्रक्रिया पूरी होने के बाद वाहन मालिक मोबाइल नंबर अपडेट करा सकता है।

- ■ मोबाइल नंबर अपडेट की अनिवार्यता से एचएसआरपी लगवाने में देर हो रही थी

# बर्थडे मनाने के बाद गैंगस्टर की तर्ज पर अर्धनग्न होकर हथियार लहराते लड़कों का वीडियो वायरल

## पुलिस जांच में जुटी, वायरल वीडियो कमरे के अंदर बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी में युवकों के एक समूह का बर्थडे मनाने के बाद अर्ध नग्न होकर खतरनाक तरीके से हथियार लहराते सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस लड़कों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। वीडियो में युवक गैंगस्टर गानों की धुन पर झूमते हुए हाथों में चाकू और शराब की बोतलें लहराते नजर आ रहे हैं।

सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह किसी कमरे या हॉल में आयोजित बर्थडे पार्टी का है। केक काटने के बाद माहौल अचानक बदल जाता है और युवक कथित रूप से हथियार निकालकर उनका प्रदर्शन करने लगते हैं। वायरल वीडियो में दिख रहे लड़के बिना शर्ट के नाचते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दो युवक आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। एक-दूसरे को कंधे पर उठाकर और हवा में चाकू लहराते हुए वे वीडियो बनाते दिख रहे हैं। पुलिस सोशल मीडिया में इस तरह के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। बावजूद इसके अपराधिक प्रवृत्ति के लड़के सोशल मीडिया में लोगों का अपनी ओर ध्यान खींचने जानबूझकर इस तरह के वीडियो बनाकर डालते हैं।






# नशे के बढ़ते कारोबार के खिलाफ एकजुट हुए श्यामनगर वासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



इन दिनों नशे का कारोबार चरम पर है। अवैध शराब की बढ़ती बिक्री से परेशान होकर श्यामनगर नव जागरण विकास समिति द्वारा श्यामनगर में नशे के अवैध कारोबार को पूर्णतः बंद करने के लिए 9 दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को एसीपी रमाकांत साहू और तेलीबांधा थाना प्रभारी अविनाश सिंह अपनी पूरी टीम के साथ समिति सदस्यों की उपस्थिति में पूरे क्षेत्र का दौरा किया। एसीपी श्री साहू ने समिति के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इसी दौरान समिति के संरक्षक दीपक भारद्वाज (पोल्ले) एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह (टोनी) ने बताया कि शहर के आसपास के लगभग 600 लोगों को रोककर उनसे उनका नाम, पिता का नाम एवं एड्रेस पूछ कर उनको नसीहत देकर छोड़ दिया गया कि अब वे कभी भी श्यामनगर में किसी भी प्रकार का नशा खरीदने नहीं आएंगे। इस अभियान में व्यास पाठक, माधुरी पटेल, लाभ सिंह, योगेश सैनी, जय मसीह, वरुण श्रीवास्तव, धीरज जोधानी, निमेच भोई, गोपी धीवर, प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी लगे हुए हैं।







हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स को होली ....


## एजुकेशन अलर्ट

### 1 अप्रैल से भारतीय थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, गरियाबंद द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन भारतीय थल सेना के संबंध में अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 तक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू ज्वाईन इंडियन आर्मी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे अविवाहित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी, जिनका जन्म तिथि 01 जुलाई 2005 से 01 जुलाई 2009 के मध्य है, वे अग्निवीर के विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जैसे अग्निवीर जनरल ड्यूटी पुरुष एवं महिला, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सिपाही के पद के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिनकी जन्म तिथि 01 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 के मध्य होनी चाहिए। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम जुलाई अथवा अगस्त 2026 में आयोजित होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, गरियाबंद के दूरभाष क्रमांक 07706-241269 पर भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



#### असिस्टेंट लोको पायलट के 11127 पदों पर भर्ती

रेलवे में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेल मंत्रालय की ओर से असिस्टेंट लोको पायलट की नई भर्ती को मंजूरी दे दी है। अब भर्ती के लिए रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी जाएगी। आवेदन शुरू होते ही पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर पाएंगे। रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई पास होना आवश्यक है या उम्मीदवार ने 10वीं के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। जिन उम्मीदवारों ने इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की है वे भी इस भर्ती में आवेदन के लिए पात्र होंगे। भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में ओबीसी को 3 एवं एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य आरक्षित वर्ग एवं भूतपूर्व सैनिकों भी ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी गई है।

## ● विश्व एनजीओ दिवस पर विशेष : सरोकार से जुड़कर शहर के युवा जरूरतमंदों का बन रहे सहारा

# रोटी-कपड़ा और मकान ही नहीं, सेहत संवारने के लिए भी बढ़ा रहे हाथ, अच्छा कॅरियर देने फ्री कोचिंग

'जीवन जीने के लिए हर वर्ग की प्राथमिक जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इससे वंचितों और जरूरतमंदों को युवाओं के अलग-अलग ग्रुप आपसी तालमेल से सहयोग देते हुए सरोकार से जुड़े हैं। प्राथमिक जरूरतों में शिक्षा और स्वास्थ्य को शामिल करते हुए इलाज में सहयोग की भावना से सहभागिता भी निभा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं का करियर बनाने निशुल्क कोचिंग भी करा रहे हैं, ताकि वे फ्री कोचिंग से रोजगार के अच्छे अवसर को प्राप्त कर सकें। विश्व एनजीओ दिवस पर ऐसे ही कुछ सेवा की भावना से जुड़ी संस्थाओं का जिक्र हम करने वाले हैं। जिनके प्रयास से न केवल भोजन की सुविधा मिल रही, बल्कि बुजुर्गों को आश्रय मिल रहा है।'

**रायपुर।** देश और दुनिया में हर साल 27 फरवरी को विश्व एनजीओ दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। सभी गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठनों सहित समाज के विकास में योगदान देने वाले लोगों को सेवा को याद करते हैं। कई संस्थाएं ऐसी हैं, जिनके सेवा भावना से कई बेसहारा बुजुर्गों को जहां परिवार जैसा माहौल मिल रहा है। वहीं सर्व धर्म समभाव की भावना से काम करने वाले संस्था आवाम ए हिन्द के संस्थापक मो. सज्जाद खान और जुबैर खान ने बताया कि वैसे तो संस्था विगत 28 वर्षों से काम कर रही है, लेकिन बड़े स्तर पर काम करने की शुरुआत 2018 में हुई। हम लोग पहले सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को खिचड़ी बांटते थे। एक दिन हम खिचड़ी बांटने के बाद वापस लौट रहे थे, तब हमने देखा की पति और पत्नी खिचड़ी को पास में रखकर भीख मांग रहे थे। उनसे बात करने पर पता चला कि कैंसर की समस्या से जुझते बच्चे को बचाने में उनका सबकुछ खत्म हो गया। अब दो वक्त खाने के लिए भीख मांगने की नौबत आ गई है। उसी दिन से हमने आंबेडकर अस्पताल के कैंसर वार्ड में 40 परिजनों को टिफिन देना शुरू किया।



### संस्था ने दादा-दादी के लिए बनवाया निवास

आर्टिस्टिक वाईब्स फाउंडेशन की संस्थापक तृप्ति लुनिया ने बताया कि 11 साल पहले स्कूली विद्यार्थियों ने मिलकर संस्था शुरू की थी। समय के साथ चार साल पहले एक किराए के मकान में बेसहारा दादा-दादी, नाना-नानी के लिए रहने, खाने, कपड़े और इलाज के लिए सुविधा देने की शुरुआत की गई। किसी ने कल्पना भी नहीं किया था, कि वृद्धाश्रम जैसा बड़ा कार्य भी संभव हो पाएगा। उन्होंने बताया कि सभी के सहयोग से इस संस्था ने दादा- दादी निवास बनवाया हैं। इस सर्व सुविधा का निर्माण होने के बाद 14 बुजुर्गों को अब रहने की सुविधा मिल रही है। महामाया मंदिर के पास महामाई पारा की गली नंबर तीन में बनवाया गया वृद्धाश्रम में अब उन्हें पहले से भी बेहतर सुविधा मिल रही है। इस भवन का निर्माण जनभागीदारी से पूरा किया गया है। इसे संस्था से जुड़े युवा ही संचालित करते हैं।



### अब परिजनों को पहुंचा रहे भोजन और कपड़ा



मो. सज्जाद खान ने बताया कि कोविड के दौरान जब बाजार बंद हुआ तो सरकारी अस्पतालों में परिजनों के सामने भोजन की समस्या आने लगी। तब हमने सभी सदस्यों की सहभागिता और सहयोग से प्रतिदिन करीब 200 परिजनों के लिए भोजन तैयार करना शुरू किया।यह व्यवस्था विगत साढे पांच साल से अनवरत जारी है। इसे पकाने के लिए तीन सदस्यों का दायित्व तय किया है। दोपहर और शाम के समय डीकेएस एवं अम्बेडकर अस्पताल के पास भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होने बताया कि इसके अलावा हर साल की सर्दी में एक हजार से ज्यादा लोगों को कंबल, स्वेटर, शाल उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाता है। इन कार्यों को करने के लिए संस्था से जुड़े 40 से ज्यादा सक्रिय मेंबर्स सहयोग करते हैं।



### 350 से ज्यादा युवाओं को मिला सरकारी जॉब

शहर में फ्री कोचिंग चलाने वाले सेंट्रल जीएसटी के अधिकारी एम.राजीव ने 25 साल पहले युवा संस्था की शुरुआत सरकारी आवास में पांच युवाओं के साथ किया। इसके बाद युवाओं की संख्या बढ़ने पर कालीबाड़ी स्थित स्कूल के क्लास रूम का उपयोग किया। इसके बाद जब संस्था से पढ़कर निकले युवाओं ने बैंक मैनेजर, तहसीलदार, डिप्टी कलेक्टर और खाद्य नियंत्रक के रुप में दायित्व संभाला तो, उन्होंने सिविल लाइन में किराए का मकान लेकर वहां बेहतर सुविधा के साथ सीजीपीएससी, रेलवे भर्ती, बैंकों की भर्ती सहित आधा दर्जन से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवानी शुरू की। अब इस संस्था से पढ़कर निकले 350 से ज्यादा युवा अलग-अलग सरकारी विभागों में आसीन है। पढ़ाई के समय लिया संकल्प याद रखने के लिए समय निकाल कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं से अनुभव साझा करते हुए उनकी तैयारी भी कराते हैं।

## सिटी इवेंट

### विदाई समारोह में रिमिक्स गानों पर जमकर थिरके विद्यार्थी



**रायपुर।** प्रगति महाविद्यालय में गुरुवार को 'कम्प्यूटर साइंस' एवं 'वाणिज्य-प्रबंधन विभाग' के जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विदाई की इस बेला को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रिमिक्स गानों की धुनों पर छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस दी, जिससे पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके अलावा, कई मनोरंजक खेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर्स ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. सौम्या नैयर ने छात्रों को सफलता का सूत्र देते हुए कहा, समय प्रबंधन और संयम ही जीवन में जीत का आधार है। एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनना ही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

#### प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यक्रम के अंत में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स की प्रतिभा का मूल्यांकन करते हुए उन्हें विभिन्न पुरस्कारों और स्मृति चिन्हों से सम्मानित किया। शिक्षकों और सहपाठियों की शुभकामनाओं के साथ सीनियर्स की आंखों में पुरानी यादें और भविष्य के सुनहरे सपने साफ दिखाई दे रहे थे। एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री ज्योति ठाकुर ने कहा कि फेयरवेल अंत नहीं, बल्कि आगामी प्रोफेशनल जीवन की शुरुआत है, जहां से छात्र अपने रोजगार की नींव तैयार करते हैं। एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केएन गजपाल ने कड़ी मेहनत और ईमानदारी पर जोर दिया।

### सिंधी काउंसिल का निशुल्क गुलाल वितरण शुरू



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 6 दिवसीय निशुल्क गुलाल वितरण कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ हो गया। पहले दिन महावीर नगर में निशुल्क गुलाल का वितरण किया गया। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया और गुलाल प्राप्त किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, नगर निगम पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनामिका सिंह के वार्ड महावीर नगर से गुलाल वितरण का शुभारंभ किया गया। वार्ड पार्षद डॉ. अनामिका सिंह ने कहा, होली में थोड़ा सेहत का ध्यान रखें और मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। गुलाल वितरण के अवसर पर अनुज गोयल, मोहन होतवानी, जीतू लोहाना, नितिन कृष्णानी, आकाश मेघानी, विशाल पार्चवानी, लवीश मोटवानी, पंकज देगवानी, मोहित खटूजा, मोहित चंचलानी आदि उपस्थित थे।

## कला वीथिका में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 2 मार्च से

**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित कला वीथिका में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 2 से 3 मार्च तक दोपहर 12 बजे से रात्रि 7 बजे तक लगाई जाएगी। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर क्लाउड एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। फोटो प्रदर्शनी की थीम छत्तीसगढ़ की विभूतियां पद्म पुरस्कार प्राप्त महान व्यक्तित्वों की प्रेरक यात्रा- एक फोटो प्रदर्शनी नाम से किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के उन विशिष्ट व्यक्तित्वों की जीवनयात्रा, संघर्ष, उपलब्धियों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करना है, जिन्हें देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस संकलित प्रदर्शनी में महान विभूतियों के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रत्येक चित्र के साथ संक्षिप्त विवरण भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को उनके जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों और प्रेरक प्रसंगों की जानकारी मिल सके। संस्कृति संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि यह प्रदर्शनी समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी और छत्तीसगढ़ की विभूतियों के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को और अधिक सशक्त बनाएगी। प्रदर्शनी में शिक्षा, कला, साहित्य, लोकसंस्कृति, समाजसेवा, विज्ञान तथा अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पद्म सम्मानित महानुभावों की उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

### स्टूडेंट्स और कलाप्रेमियों का होगा ज्ञानवर्धन



प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने और राज्य की उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता दीपेंद्र दीवान द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, शोधार्थियों, कला प्रेमियों एवं आम नागरिकों से इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल का स्थापना एवं सम्मान समारोह कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल रायपुर का 85वां स्थापना एवं सम्मान समारोह 28 फरवरी को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दोपहर 3 बजे आयोजित है। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल रायपुर के अध्यक्ष आचार्य अमरनाथ त्यागी ने बताया कि यह आयोजन संस्था के 85 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुर्वेद विश्व परिषद डॉ. राजाराम त्रिपाठी होंगे। वहीं प्रथम सत्र की अध्यक्षता आईएएस डॉ. इंदिरा मिश्रा के सानिध्य में होगी।

### ये होंगे अतिथि

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सेनि. आईएएस डॉ. संजय अलंग, पूर्व कुलपति डॉ. हर्षवर्धन तिवारी, मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश सिंह, प्राचार्य डॉ. अनसूया अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि दरबार का आयोजन डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल रायपुर के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष लतिका भावे, प्रधान सचिव गोपाल सोलंकी, प्रमुख सचिव सुनील पांडे, सचिव तेजपाल सोनी उपस्थित रहेंगे।

## होली के मौके पर शहर के फैशन हाउसेस में पारंपरिक व स्टाइलिश परिधानों की खरीदारी में जुटे लोग

कार्नर न्यूज

# फेस्टिवल सीजन फैशन में क्लासिक सफेद चिकनकारी कुर्ते, फ्यूजन लहंगा-चोली का क्रेज



**रायपुर।** होली के लिए पारंपरिक परिधानों की मांग तेजी से बढ़ी है, जिसमें सफेद चिकनकारी कुर्ते, सूती साड़ी, लहंगा चोली और आरामदायक कुर्ती-प्लाजो सेट शामिल हैं। इस बार आरामदायक और स्टाइलिश फैशन का क्रेज दिख रहा है। पुरानी बस्ती स्थित फैशन हाउस के संचालक प्रीतम सिंह ने बताया कि ग्राहकों की फैशन हाउस में मौजूदगी अच्छी कारोबार होने का अनुमान दे रहा है। होली के लिए आकर्षक पारंपरिक ट्रेंड्स सफेद चिकनकारी और सूती क्लासिक सफेद चिकनकारी कुर्ते और सूती साड़ी, जो रंगों के लिए एक बेहतरीन कैनवास हैं और उत्सव के दौरान आरामदायक रहते हैं। कुर्ती-प्लाजो और अनारकली आरामदायक और ट्रेंडी लुक के लिए कुर्ती-प्लाजो का मेल और स्टाइल के लिए अनारकली सूट बेहद लोकप्रिय हैं। लहंगा चोली कुछ नया आजमाने वाली युवतियों के लिए हल्के फैब्रिक वाले पारंपरिक या फ्यूजन लहंगा चोली आकर्षक विकल्प हैं। महिलाओं के लिए विशेष जॉर्जेट साड़ियां, फ्लोरल प्रिंट और पारंपरिक कढ़ाई वाली पोशाकें भी मांग में हैं, जो स्टाइलिश के साथ-साथ घूमने-फिरने के लिए भी सहज हैं। यहां गोलबाजार, पुरानी बस्ती, पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित फैशन हाउस में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।







### आकर्षक और कलरफुल दिखने फैशन में तलाश रहे थीम

फैशन डिजाइनर और फैशन हाउस की संचालिका ऋतु पुजारी का कहना है कि होली फेस्टिवल पर आकर्षक और कलरफुल दिखने लोग फैशन में भी थीम तलाश रहे हैं। होली को और भी खास बनाने गर्ल्स व महिलाएं पारंपरिक व स्टाइलिश दोनों ही तरह के फैशन आउटफिट च्वॉइस कर रही हैं। इसमें इतने सारे होली फेस्टिवल फैशन आउटफिट अवलेबल व डिमांड में हैं।

### सलवार-कमीज में नया अंदाज आजमाएं

अगर पारंपरिक सलवार-कमीज पहनती हैं तो उसमें थोड़ा नया अंदाज जोड़ सकती हैं। इसमें प्रिंटेड दुपट्टा या स्टाइलिश बेल्ट लगाकर, यह गर्ल्स को एक नया लुक देगा और वे सबसे अलग दिखेंगी। इस तरह से होली को खास बना सकती हैं और पारंपरिक कपड़े में भी नया अंदाज ला सकती हैं।

### ब्वॉयज को फनी एंड कैजुअल फैशन भा रहा

ब्वॉयज के लिए कुर्ते के साथ पारंपरिक जूती या मोजरी और रंगीन स्टोल पहनना पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा फनी लुक के लिए कैरेक्टर बेस्ड मुखौटे, विंग, झुमके भी पहन कर स्टाइलिश व फनी लगने खरीदारी कर रहे हैं।

## सिटी लाइव

# पोस्टर-निबंध से विज्ञान और नवाचार को कॉलेज स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शित




**रायपुर।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय में विज्ञान परिषद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष के आधिकारिक संदेश विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार के अनुरूप छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तर्कसंगत सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, मानवता के कल्याण के लिए किए गए वैज्ञानिक आविष्कारों के प्रति छात्राओं को जागरूक करना, छात्राओं की रचनात्मक और शैक्षणिक प्रतिभा को एक साझा मंच प्रदान करना रहा। आयोजन के अंतर्गत छात्राओं ने पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से अपना वैज्ञानिक कौशल दिखाया।

### विज्ञान केवल प्रयोगशाला की चारदीवारी तक सीमित नही

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक अभिरुचि पैदा करना और उन्हें अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। प्राचार्या ने यह स्पष्ट किया कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला की चारदीवारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन की हर प्रक्रिया का आधार है और देश के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। निबंध प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा स्वयंप्रभा साहू विजेता रहीं। वहीं बीएससी तृतीय सेमेस्टर की वर्तिका साहू द्वितीय, खुशबू फूटान बीएससी फोर्थ सेमेस्टर तृतीय रही। वहीं बीएससी सेकंड सेमेस्टर की छात्रा तेजस्वी चंद्राकर को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## धर्म लाइव

# सिंधु पैलेस में आज से शुरू होगा श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में 27 फरवरी से श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हो रही है। कथा सत्संग के लिए दीदी मां मंदाकिनी गुरुवार की सुबह सारनाथ एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचीं। श्री रामकिंकर आध्यात्मिक मिशन के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस बार यह कथा 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी। श्रीरामकिंकर आध्यत्मिक मिशन की ओर से आयोजनकर्ताओं ने बताया कि तीनों ही दिन रोजाना शाम 5.30 से 6.30 बजे तक भक्ति सत्संग और शाम 6.30 से रात 8.30 तक श्रीराम कथा होगी। दीदी मां श्रीरामचरित मानस के माध्यम से महाराज श्री रामकिंकर की मानस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। हर साल कथा सत्संग के लिए दीदी मां छत्तीसगढ़ पहुंचती हैं।



### किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े

प्रतिदिन होने वाली कथा का सफल संचालन करने के लिए आयोजन संस्था के लोगों ने दायित्व तय किया है, ताकि आने वाले कथा श्रोताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस साल होने वाली तीन दिवसीय श्रीराम कथा में व्यासपीठ से सभी श्रोताओं को मंदाकिनी दीदी अलग-अलग दिन प्रसंगों से जोड़ने का दायित्व निभाएंगी। वहीं कथा श्रवण के लिए आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था की जाएगी। कथा शुरू होने से प्रतिदिन एक घंटे तक भक्ति सत्संग का अमृतपान लोग कर सकेंगे।

## कैंपस लाइव

# विद्यार्थियों ने शिलांग से गुवाहाटी तक पूर्ण किया शैक्षणिक भ्रमण



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज एक ऐसी शैक्षणिक संस्था है, जहां विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ अशैक्षणिक विकास पर भी फोकस किया जाता है। उसी का एक स्वरूप है वर्ष में विभिन्न स्थानों पर होने वाले शैक्षणिक भ्रमण। मैक ने इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए देश की सुंदरता से परिपूर्ण पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख स्थलों शिलांग, चेरापूंजी तथा गुवाहाटी के विभिन्न स्थानों को चुना। कॉलेज के विभिन्न विभागों के 35 छात्र-छात्राओं के साथ एचआर शाहीन शेख एवं तुलाराम मांडले के निर्देशन में यह भ्रमण पूर्ण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन में कॉलेज के चेयरमैन डॉ. रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी और उपप्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी ने सहयोग किया।

### अरवाह गुफा की संरचना का अध्ययन किया

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शिलांग के एलीफेंट फॉल्स की प्राकृतिक सुंदरता, शिलांग पीक का विहंगम दृश्य और ग्रैंड लैटलुम कैन्यन की मनोरम घाटियों का अवलोकन किया। इसके अलावा डॉकी नदी के स्वच्छ जल में नौकायन का अनुभव प्राप्त किया। मावलिननोंग, जिसे एशिया का स्वच्छतम गांव कहा जाता है। वहां स्वच्छता एवं सामुदायिक अनुशासन की अनूठी व्यवस्था को समझा। चेरापूंजी में भी विद्यार्थियों ने मॉसमाई गुफा एवं अरवाह गुफा की प्राकृतिक संरचनाओं का अध्ययन किया। नोहकालीकाई जलप्रपात का अवलोकन भी किया। गुवाहाटी में विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन करते हुए आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

---

**24 घंटे इस डिजिटल लाइब्रेरी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को मार्च से मिलेगी सुविधा**

# नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स को होली की सौगात, अब रोज मिलेगी 500 एमबीपीएस फास्ट इंटरनेट स्पीड

नालंदा परिसर लाइब्रेरी में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स के लिए होली पर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस मार्च से लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए फ्री-इंटरनेट की स्पीड रोजाना 500 एमबीपीएस फास्ट कोटा की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में लाइब्रेरी में प्रति दिन फ्री-इंटरनेट की स्पीड कोटा 200 एमबीपीएस तक मिल रही है।

**रायपुर।** नालंदा परिसर के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स हाई इंटरनेट स्पीड के सुविधा के साथ अब दोगुनी स्पीड से पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स की स्टडी हैबीट व डिमांड पर शासन ने लाइब्रेरी में उच्च डिजिटल शिक्षण सुविधा को बढ़ावा देते हुए मार्च महीने से हाई स्पीड इंटरनेट की कोटा को पहले के मुकाबले दोगुना करने का निर्णय किया है। इसके अंतर्गत लाइब्रेरी के कंप्यूटर सिस्टम को हाई इंटरनेट स्पीड से जल्द ही कनेक्ट कर दिया जाएगा। इसके बाद इंटरनेट स्पीड को लेकर स्टडी टाइम पर स्टूडेंट्स को कोई असुविधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी की शुरुआत में पहले 100 एमबीपीएस की स्पीड से फ्री इंटरनेट की सुविधा थी, जिसे वर्ष 2024 में बढ़ाकर 200 एमबीपीएस कर दिया गया था, लेकिन अब इस एआई के दौर में इंटरनेट बेसेस स्टडी मटेरियल के मद्देनजर अब 500 एमबीपीएस प्रतिदिन डाटा स्टूडेंट्स के कोटे में उपलब्ध कराया जाएगा।



### 3000 नई पुस्तकें व 6 लैपटॉप की सुविधा भी जुड़ी

शहर की लाइब्रेरियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्मृति पुस्तक अभियान के तहत नालंदा लाइब्रेरी परिसर के लिए पिछले दो महीने में 3000 नई किताबें और 6 लैपटॉप प्राप्त हुए हैं। इससे लाइब्रेरी के स्टूडेंट्स की स्टडी मटेरियल सुविधा में बढ़ोतरी हुई है। बुक व इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स डोनेशन कैंपेन से भी लाइब्रेरी में लगातार नई सुविधाएं जुड़ती जा रही हैं।

### सिटी की लाइब्रेरी में लगातार बढ़ रहे मेंबर्स

नालंदा लाइब्रेरी के साथ-साथ तक्षशिला लाइब्रेरी मोतीबाग, सेंट्रल लाइब्रेरी एमजी रोड में लगातार मेंबर्स की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वर्तमान मेंबरशिप की बात करें तो नालंदा लाइब्रेरी में 2500, तक्षशिला लाइब्रेरी मोतीबाग में 1800 और सेंट्रल लाइब्रेरी एमजी रोड में 1700 सदस्य संख्या है।






### 2500 मेंबर्स को मिलेगा लाभ

नालंदा लाइब्रेरी प्रबंधन का कहना है कि लाइब्रेरी में वर्तमान में 2500 मेंबर्स हैं, जो 24 घंटे डिजिटल लाइब्रेरी में पढ़ाई करते हैं। नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी भी संचालित की जा रही है। यह लाईब्रेरी 24 घंटे संचालित रहती है। रात और दिन 24 घंटे चलने वाले इस डिजिटल लाइब्रेरी में यूपीएससी, स्टेट पीएससी के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं का बड़ी संख्या में पढ़ते हैं।

### वर्ल्ड क्लास कम्पटिटिव स्टडी हब

परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए यहां फ्री इंटरनेट की सुविधा दी जा रही है, जो उनको नेशनल व इंटरनेशनल कंपटीटिव स्टडी के लिए एक अत्याधुनिक वातावरण प्रदान कर रहा है। यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स जहां देश के टॉप कंपटीटिव एग्जाम क्लीयर कर रहे हैं। वहीं विदेशी शिक्षण संस्थाओं में एडमिशन व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में जॉब ओरिएंटेड एग्जाम की तैयारियां कर पा रहे हैं।

---

# दूरसंचार में बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी पर जोर, प्रक्रिया और मानदंड पर भी चर्चा

**रायपुर।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण की ओर से होटल हयात में डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए भवनों की रेटिंग पर एक संगोष्ठी आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विचार-विमर्श, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना था । इस संगोष्ठी में ट्राई के डिजिटल कनेक्टिविटी रेगुलेशन के दायरे और महत्व का विश्लेषण, ट्राई रेटिंग फ्रेमवर्क के माध्यम से फ्यूचर-प्रूफ कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना, रेटिंग प्रक्रिया और मानदंड आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रस्तुति दी गई। उद्घाटन सत्र में संजय कुमार गुप्ता सलाहकार ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल ने दूरसंचार और प्रसारण दोनों क्षेत्रों में ट्राई की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने ट्राई के डिजिटल कनेक्टिविटी रेगुलेशन, 2024 के संबंध में जानकारी दी । प्रथम सत्र मे विशिष्ट अतिथियों एसके मिश्रा डीडीजी दूरदर्शन, कुश मनहर पीजीएम बीएसएनएल, ओमप्रकाश व्यास निदेशक आईआईआईटी नया रायपुर और समीर बाजपेई एनआईटी रायपुर ने बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश, निदेशक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भिलाई ने डिजिटल कनेक्टिविटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र मे संजय कुमार गुप्ता सलाहकार एवं पीएस कौशल, संयुक्त सलाहकार ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल ने ट्राई के डिजिटल कनेक्टिविटी रेगुलेशन, 2024 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।




# छग प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन का आज से रजत उत्सव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन का अधिवेशन व रजत उत्सव 27–28 फरवरी को राजधानी रायपुर के माहेश्वरी भवन डूंडा में आयोजित है। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि अधिवेशन के प्रथम दिवस पर औद्योगिक मेले का उद्घाटन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात नवनिधि रामायण पर आधारित समिति संयोजिकाओं द्वारा प्रोग्राम एवं सम्मान आयोजित है, जहां दूसरे सत्र में रजत उत्सव के तहत भूतपूर्व अध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि नवरस एवं नव तंबोला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। वहीं अधिवेशन के दूसरे दिवस पर प्रातः ट्रेजर हंट प्रतियोगिता होगी, जिसके पश्चात रंगबिरंगी होली खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र का शुभारंभ नव परिवर्तन शेष जिंदगी विशेष जिंदगी विषय से होगा। इसके पश्चात नव संचार (क्विज)एवं नव वक्ता (वाद–विवाद) प्रतियोगिता आयोजित है। वहीं अधिवेशन का समापन समाज की महिलाओं के सम्मान के साथ होगा, जिन्होंने विशेष उपलब्धियों हासिल की है। इसके साथ ही पदाधिकारियों, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष–सचिव, कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया जाएगा।

# व्यसन मुक्त पर्व मनाने का संदेश जलाएंगे मादक पदार्थों की होली



**रायपुर।** नशामुक्ति के लिए अभियान चलाकर व्यसन से जुड़ी सामग्री की होली जलाने का निर्णय देवांगन कल्याण समाज ने लिया है।समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भीखमलाल देवांगन की अगवाई में इसके लिए पहल की जा रही है। जन जागरूकता के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि होलाष्टक लगते ही प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा होली में नशायुक्त पदार्थ की होलिका जलाने का संकल्प लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया है। बिरगांव के अलग-अलग क्षेत्रों में पोस्टर के माध्यम से लोगों और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए सजग किया जा रहा है। होलिका दहन में अपने अंदर के दुर्गुणों को जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### जागरूकता बढ़ाने समाजजन चला रहे अभियान

उन्होंने बताया कि गुटखा और अश्लील साहित्य की होलिका जलाने के साथ शराब छोड़ने के साथ ही नशीले पदार्थ को होली में स्वाहा करने का संकल्प लिया गया है। अब होली के माध्यम से बहुत से स्थानों पर नशे को बढ़ावा दिया जा रहा है। लोग होली मनाने के नाम पर शराब और अन्य प्रकार का नशा करते हैं। ऐसा करते हुए पर्व को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। युवा होलिका दहन पर खुद भी समाज के सदस्यों के साथ गुटखे की होली जलाएंगे। व्यसन जागरूकता अभियान में विशेष रूप से रामकुमार देवांगन, प्रीतम देवांगन, भुनेश्वर पटेल, पुनीत राम, सविता साहू, शीला ठाकुर, मान ठाकुर और रुक्मिणी ध्रुव के साथ ही समाज के लोग जागरूकता अभियान में शामिल हुए।

---

**5 से 10 लीटर तक टैंक पिचकारी, कार्टून कैरेक्टर की थीम पर डिजाइन**

# होली गीतों संग पिचकारी से निकलेगा रंग, बाजार में संतरा, नीबू व आम की खुशबू वाले गुलाल की मांग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** होली के त्योहार में अब केवल 4 दिन ही बच गए हैं। पर्व के नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। रंग, गुलाल और विभिन्न तरह की पिचकारियों से सजे बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। इस बार बच्चों को म्यूजिक पिचकारी खूब पसंद आ रही है। यह पिचकारी बैटरी से चलती है, जिसमें खास बात यह है कि पिचकारियों से रंग होली के गानों के साथ निकलेगा। थोक व्यापारी गुलशन अग्रवाल ने बताया, इसमें पांच हिंदी गाने सुनने को मिलेंगे। बच्चों के साथ बड़े भी इस तरह की पिचकारी खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 500 रुपए है। बाजार में 5 से 10 लीटर की बड़ी टैंक वाली पिचकारी है, जिसकी रेंज 10 मीटर की दूरी पर खड़े व्यक्ति पर रंग डालने की है। ऐसी पिचकारियों को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। पिचकारियों के नाम भी रोचक तरीके से बार्बी डॉल, मोटू-पतलू, स्टेनगन, मिनी बस आदि रखे गए हैं। इन पिचकारियों के आकार व उन पर लगे पोस्टर छोटे बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं।





### हर्बल रंगों से बने गुलाल सिलेंडर

बाजार में होली के रंगों को और गहरा करने गुलाल सिलेंडर आए हैं, जो आग बुझाने वाले सिलेंडर की तरह हैं। इस बार हर्बल रंगों में गुलाल सिलेंडर की मांग है। यह किलो के अनुसार बिक रहा है। सिलेंडर से गुलाल पानी के फुहारे की तरह निकलता है। उन्होंने बताया कि होली में विभिन्न फलों की खुशबू वाले गुलाल आए हैं। इसमें आम, संतरा, नीबू, अनार अन्य फलों की खुशबू वाले गुलाल शामिल हैं। ज्यादातर लोग ऐसा रंग खरीदना चाहते हैं, जो त्वचा को नुकसान न पहुंचाएं।

### मुखौटे, नकली बाल और मूंछ की बिक्री

होली के उत्सव को खास बनाने के लिए बाजार में डरावने मुखौटे के साथ नकली बाल और लंबी मूंछ आई हुई हैं, जिसकी मांग इन दिनों बढ़ी हुई है। मुखौटों में लाइट भी लगी हुई है, जो कई रंगों में जलती है। मुखौटे की कीमत 150 से 500 रुपए तक है। इसी प्रकार सायरन, बीन की आवाज वाली गन पिचकारी की भी बाजार में पसंद की जा रही है। इसके अलावा छोटा भीम, मिक्की माउस, सुपरमैन वाली गन पिचकारी भी हैं। परंपरागत पिचकारियां भी बाजार में आई हैं।

### क्विंटल में खरीद रहे हर्बल गुलाल

बाजार में केमिकल व हर्बल रंग भी उपलब्ध है। केमिकलयुक्त रंग के साथ हर्बल रंग भी दुकानों में उपलब्ध हैं। विशेषज्ञों का कहना है, हर्बल रंग के मुकाबले केमिकलयुक्त रंग सस्ते हैं और देर तक त्वचा पर रहने वाले होते हैं। लेकिन इनके कई तरह के दुष्परिणाम भी सामने आते हैं, जबकि हर्बल रंग महंगे होते हैं, किंतु त्वचा के लिए सुरक्षित होते हैं। लोग सस्ते के चक्कर में केमिकल वाले रंगों का उपयोग कर बीमारी व परेशानी को आमंत्रित करते हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर्बल रंग की कीमत अधिक होने से लोग केमिकलयुक्त सस्ते रंग अधिक खरीदते हैं। पार्टी के लिए लोग क्विंटल के हिसाब से हर्बल गुलाल खरीद रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दीक्षा और सूरज बने योगासना स्पोर्ट्स के नेशनल कोच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला, पंजाब में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की दो उभरती और प्रतिभाशाली योग विभूतियों, दीक्षा साहू (दुर्ग) और सूरज साहू (बिलासपुर) ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'योगासना स्पोर्ट्स' के नेशनल कोच बनने का गौरव हासिल किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पूरे प्रदेश के योग प्रेमियों में हर्ष की लहर है। दीक्षा साहू योग के प्रति समर्पित परिवार से आती हैं। उनके पिता तिजऊ राम साहू (योगाचार्य, महामंत्री-पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग एवं स्टेट जज योगासना स्पोर्ट्स) और माता यशोदा देवी साहू (योग शिक्षिका) के निरंतर मार्गदर्शन और संस्कारों ने उनकी सफलता की नींव रखी है। इसी तरह सूरज साहू ने बिलासपुर जिले का गौरव बढ़ाते हुए अपनी कड़ी मेहनत, अटूट निष्ठा और तकनीकी कौशल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर कोच एवं जज के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। दोनों नवनियुक्त नेशनल कोचों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शकों गोस्वामी जयंत विष्णु भारती (प्रेसिडेंट-छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स), अनुप बंसल (सह-राज्य प्रभारी-भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़) के साथ मास्टर आनंद सिंह (डायरेक्टर - स्वालंबी योग एकेडमी) के विशेष तकनीकी मार्गदर्शन, कठिन प्रशिक्षण को दिया है। पटियाला से नेशनल कोच की उपाधि प्राप्त करने के बाद अब दीक्षा और सूरज की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब वे न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के उभरते योग खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे और आगामी राष्ट्रीय योगासना प्रतियोगिताओं में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

### सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल के लिए छत्तीसगढ़ की टीम हुगली रवाना



**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गो की टीमें भाग ले रही है। चैम्पियनशिप के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य का बालक एवं बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिविर रायपुर के सप्रे स्कूल के वॉलीबाल मैदान पर लगाया गया था। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के 21-21 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद दोनों ही दलों से 14-14 खिलाड़ियों को चुना गया है। बालक वर्ग में चयनित खिलाडियों में परमित सिह,मधु सुशांत,संस्कार सिंह (बीएसपी), विनय कुमार चौहान,अंकित बंजारे (कोरबा), कीर्तेश कुमार कश्यप (गरियाबंद), चैतन्य नामदेव (राजनादगांव), समारु (दंतेवाड़ा), लकी कुमार यादव (बिलासपुर), एस पार्थिवन, कुणाल बघेल (दुर्ग), हर्षित मंडावी, मोहम्मद रिहान ख़ान (कबीरधाम),लोकेश (रायपुर), मुख्य कोच अजीत कुट्टन रायपुर, सहायक कोच ओम बागी बिलासपुर सहायक कोच रविंद्र सिंह, सूरजपुर मैनेजर रविंद्र बागी रायपुर मुख्य कोच अजीत कुटटन (रायपुर, छत्तीसगढ़ पुलिस) और सहायक कोच मोहन नायर (बिलासपुर, छत्तीसगढ़ पुलिस) शामिल हैं। बालिका वर्ग में दिलेश्वरी, रिकी (साई रायपुर), गुरलीन, मान्या, करिश्मा, जी प्रियल, भाव्या (दुर्ग), कोशी (दंतेवाडा), रूचिका, वसुन्धरा (रायपुर), करिश्मा पाल (बलौदाबाजार), ऋतिका, हरशु (कोरबा), अनाया (बिलासपुर), मुख्य कोच श्रीकांत मोदी (खेल प्रशिक्षक, एकलव्य खेल परिसर जवांगा, दंतेवाड़ा) सहायक कोच प्रियेश बागी(रायपुर),सहायक कोच हेमन्त कुमार सूरजपुर और मैनेजर सुनिधि पाण्डेय शामिल हैं।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी में छत्तीसगढ़ टीम

**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी



प्रतियोगिता 17 से 28 फरवरी तक झि ल मि ल एस.बी.वी .अशोक नगर नई दिल्ली में आयोजित है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने प्रदेश टीम के चयन के लिए स्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 18 सदस्यीय हॉकी टीम का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ की टीम में प्रवीण कुमार बेक, विमल लकड़ा ,अभय एक्का ,सुरेश लकड़ा, विशाल ,तौफीक अहमद ,सुखदेव निर्मलकर, धनीराम यादव ,खोगेश्वर बाग ,आशुतोष कुजूर, विजय कुमार तिग्गा, रवि शंकर कुजूर, अनुज तिग्गा, विजय, प्रियांशु सिंह, शैलेंद्र इक्का, बसंत कुजूर, टीम के कोच कश्मीर खलखो और मैनेजर अनिल कुमार है।

## बदलाव के इस मौसम में बच्चों की सेहत का रखें पूरा ध्यान

# गर्मी आने के पहले बच्चे को लग गई है जाती हुई ठंड तो बरतें कुछ बेहद जरूरी सावधानियां

बदलते मौसम में छोटे बच्चों में बुखार या सर्दी-जुकाम के मामले अक्सर ही देखने को मिलते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है डॉक्टर बताते हैं कि इस मौसम में बच्चों में होने ज्यादातर परेशानियां पेरेंट्स की गलतियों की वजह से होते हैं।

बदलते मौसम में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि बच्चों को 'जाती हुई ठंड' लग गई है। माता-पिता डर के मारे बच्चों को भारी-भरकम कपड़े पहना देते हैं, लेकिन यही सावधानी कभी-कभी बीमारी का कारण बन जाती है। पीडियाट्रिशियन डॉक्टर माधवी भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके बताया है कि उनकी ओपीडी में आजकल ऐसे कई बच्चे आ रहे हैं जो बुखार से तप रहे हैं, फिर भी उन्हें पेरेंट्स मोटे ऊनी कपड़े और थर्मल पहनाए हुए हैं।

डॉक्टर के अनुसार, तापमान बढ़ने के साथ ही वातावरण का 'बायो-फ्लोरा' बदलता है और कई नए वायरस एक्टिव हो जाते हैं। शादियों के सीजन में यात्रा और मेलजोल के कारण इंफेक्शन तेजी से फैलता है। अक्सर संक्रमण माता-पिता से ही बच्चों में पहुंचता है। डॉक्टर भारद्वाज का कहना है कि जब तापमान बढ़ रहा हो, तब बच्चों को अत्यधिक कपड़ों में लपेटना उनके शरीर की



गर्मी को बाहर नहीं निकलने देता, जिससे उनका चिड़चिड़ापन और बुखार कम होने के बजाय और बढ़ जाता है।

### इंफेक्शन का खतरा और हाइजीन की अनदेखी

डॉक्टर माधवी बताती हैं कि 10 में से 8 मामलों में वायरल इंफेक्शन पहले माता-पिता को होता है और फिर बच्चों को। बड़े अक्सर अपनी इम्यूनिटी के भरोसे सावधानी नहीं बरतते, जिससे बच्चा बीमार पड़ जाता है। इसके अलावा 'ठंड न लग जाए' इस डर से पेरेंट्स बच्चों को नहलाने या हाथ धोने से बचते हैं। हाइजीन में यह कमी इंफेक्शन के फैलने की रफ्तार को और बढ़ा देती है। ध्यान रखें जुकाम-खांसी और उल्टी-दस्त वाले वायरस इस मौसम में सबसे ज्यादा एक्टिव होते हैं।

### बुखार में भारी कपड़ों का जोखिम

इन दिनों तापमान अब 20-25 डिग्री सेल्सियस पार कर रहा है, फिर भी लोग बच्चों को थर्मल पहना रहे हैं। डॉक्टर के अनुसार, एक्टिव बच्चों के शरीर में पहले ही बहुत हीट पैदा होती है। जब हम उन्हें मोटे कपड़े पहनाते हैं, तो उनके सिर से पसीना निकलता है और हाथ-पैर गर्म हो



जाते हैं। बुखार की स्थिति में सबसे पहले बच्चे के कपड़े हल्के करें और थर्मल हटा दें। अक्सर एक-दो लेयर कम करने मात्र से ही बच्चे का चिड़चिड़ापन और तापमान बिना दवाई के ठीक हो जाता है।

### हीट रैश और कपड़ों का सही चुनाव

गर्मी और ऊनी कपड़ों की वजह से बच्चों में 'हीट रैश' यानी घमौरियों की समस्या बढ़ जाती है। डॉक्टर भारद्वाज सलाह देती हैं कि अब ऊनी कपड़े और थर्मल पूरी तरह



बंद कर देना चाहिए। इसके बजाय कॉटन (सूती) के कपड़ों की लेयरिंग का इस्तेमाल करें। अगर तापमान में गिरावट महसूस हो, तो सूती कपड़ों की एक से ज्यादा परतें पहनाना ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक हो सकता है। इससे शरीर की त्वचा सांस ले पाती है और पसीना जमा नहीं होता।

### कितने कपड़े पहनाना है सही?

अक्सर माता-पिता असमंजस में रहते हैं कि बच्चे को कितने कपड़े पहनाएं। इसके लिए डॉक्टर ने एक सरल नियम बताया है। डॉक्टर के अनुसार, ₹जितने कपड़े मां ने पहने हैं, बच्चे को उससे सिर्फ एक लेयर एक्स्ट्रा पहनाएं।₹ इस नियम का पालन करने से बच्चा न तो बीमार पड़ेगा और न ही उसे ओवरहीटिंग की समस्या होगी। इन सब के बावजूद भी अगर बच्चे को बुखार है तो आप अपने नजदीकी डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

## एलिट ग्रुप में बीएसपी के नितांत के शानदार 110 रन



- भिलाई, राजनांदगांव, कांकेर और रायपुर में जारी है सीनियर वर्ग के मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे राउंड के पहले दिन के मैच विभिन्न शहरों में हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी ने जांजगीर चांपा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन विकेट पर 317 रन बनाए। जिसमें नितांत सिंह ने 110 रन, संगीत सोनी ने 80 रन, शुभम मौर्य ने नॉट आउट 74 रन और जी सत्य विकास शर्मा ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चाम्पा के मोहम्मद शाहनवाज, लवयम राजपूत एवं शाबान खान ने एक-एक विकेट लिए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी में 87 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद शाहबाज ने 19 रन और धनंजय नायक ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में बीसीए के आनंद राव ने 3 विकेट, शुभम सिंह एवं दिवाकर ताम्रकार ने दो-दो विकेट, चंद्र भूषण साहू एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में बीसीए ने पहली पारी 4 विकेट पर 118 रन बनाए। जिसमें अंबरीश कुमार सिंह ने नॉट आउट 62 रन, कप्तान संजीत देसाई ने नॉट आउट 36 रन और आलोक गुप्ता ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के धनंजय नायक एवं दीपक सिंह बघेल ने दो-दो विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम बिलासपुर 208 रन पर आउट हो गई। मोहित रावत ने 83 रन ,मोहम्मद इरफान ने 37 रन, सनी पांडे एवं अभिषेक शाहगौरा ने 20-20 रन बनाएं। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के शशांक तिवारी ने 5 विकेट और अब्दुल अनस खान ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में चार विकेट पर 59 रन और यश कुमार वरडा ने नॉट आउट 33 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के इम्तियाज़ खान ने दो विकेट, प्रवीण यादव एवं ओम वैष्णव ने एक-एक विकेट लिए।

आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में सरगुजा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में 200 रन पर आउट हो गई। अरिन द्विवेदी ने 63 रन, विकल्प तिवारी ने 62 रन और युगतिज्ञ वर्मा ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के आराध्य गुप्ता ने 5 और सौम्य केसरी ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में सरगुजा ने पहली पारी दो विकेट पर 92 रन बनाए। हिमांशु सिंह ने 31 रन और कृष चोपड़ा ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में राजनांदगांव के रोहन टांक एवं एरिन द्विवेदी ने एक-एक विकेट लिए।

## होली के लिए ऐसे बनाएं स्पेशल ठंडाई, पीकर दूर होगी सारी थकान



होली पर अगर आप इस होली मेहमानों को कुछ खास परोसना चाहते हैं, तो घर पर पारंपरिक तरीके से स्पेशल ठंडाई जरूर बनाएं।

### बनाने की विधि

सबसे पहले बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस और खरबूजे के बीज को 3–4 घंटे के लिए पानी में भिगो दें, ताकि वे अच्छी तरह नरम हो जाएं। इसके बाद बादाम का छिलका उतार लें और सभी भीगे हुए मेवों को हरी इलायची, काली मिर्च और दालचीनी के साथ मिक्सर में डालकर थोड़ा-सा दूध मिलाते हुए बारीक और स्मूद पेस्ट तैयार कर लें।

अब एक बड़े बर्तन में ठंडा या उबला हुआ ठंडा किया हुआ दूध लें और उसमें तैयार किया गया मेवे वाला पेस्ट अच्छी तरह मिलाएं। स्वादानुसार चीनी डालकर तब तक चलाएं जब तक वह पूरी तरह घुल न जाए। इसके बाद 1–2 चम्मच गुनगुने दूध में भिगोए हुए केसर के धागे भी इसमें मिला दें, जिससे ठंडाई का रंग और खुशबू दोनों बढ़ जाएं।

अब तैयार मिश्रण को छलनी से छान लें ताकि ठंडाई एकदम स्मूद बने, फिर इसे 1–2 घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा होने रखें। सर्व करते समय ऊपर से बारीक कटे पिस्ता, बादाम और गुलाब की पंखुड़ियां डालकर ठंडी-ठंडी सर्व करें।



## बदलते मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाने के बदलें खानपान

बदलते मौसम में अपनी इम्यूनिटी पर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। इसलिए आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए किन चीजों को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

ठंड का मौसम धीरे-धीरे जा रहा है, बहुत से लोग अब रात में पंखा चलाकर सोना शुरु कर चुके हैं। ऐसे मौसम में बदलाव आते ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी 'इम्यूनिटी' पर सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है। जैसे ही तापमान में उतार-चढ़ाव होता है, हवा में वायरस और बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां घर-घर पहुंचने लगती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एक मजबूत इम्यून सिस्टम न सिर्फ बाहरी कीटाणुओं से ही नहीं लड़ता, बल्कि शरीर के अंदरूनी अंगों की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाना कोई रातों-रात होने वाला चमत्कार नहीं है, बल्कि यह आपकी दैनिक खान-पान की आदतों और



जीवनशैली पर निर्भर करता है। बदलते मौसम में उन फूड प्रोडक्ट को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी होता है जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ा सके। इसलिए आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि किन चीजों को डाइट में शामिल करने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

### विटामिन-सी और खट्टे फलों की शक्ति

हमने इस विषय में कुशीनगर के निजी अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टर रवि कुशवाहा से बात की। उन्होंने बताया कि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन-सी से भरपूर चीजों को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी है। डॉक्टर से मुताबिक संतरा, नींबू, आंवला और कीवी जैसे फल सफेद रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ाते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मुख्य भूमिका निभाती हैं। ये फल न सिर्फ शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं, बल्कि एंटीऑक्सीडेंट्स के जरिए फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को भी रोकते हैं। डॉक्टर ने ये भी कहा बहुत से लोगों को मालूम होने के बावजूद नींबू और आंवला से बचते हैं, ऐसे में रोजाना दो आंवले का जूस और रोज सुबह नींबू पानी पीनी अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। ये आदत आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

### अदरक, लहसुन और हल्दी

डॉक्टर रवि के मुताबिक भारतीय मसालों में छिपे औषधीय गुण इम्यूनिटी के लिए 'पावरहाउस' हैं। अदरक में 'जिंजरॉल' और हल्दी में 'करक्यूमिन' होता है, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं और गले के संक्रमण से राहत दिलाते हैं। वहीं लहसुन में मौजूद 'एलिसिन' शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता को दुगना कर देता है। रात को सोने से पहले गुनगुने दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पीना शरीर की थकान और कमजोरी दूर करने का सबसे पुराना और कारगर नुस्खा है।



## होली पर इस बार रहेगी मंगल-राहु की युति कुछ राशि वालों के लिए समय है कष्टकारी

इस साल होली पर ग्रहण और अंगारक योग का संयोग रहेगा। इसका नकारात्मक प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए समस्याओं से भरा हो सकता है। साथ ही तनाव की स्थिति और जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव झेलने पड़ सकते हैं। इस बार 4 मार्च को होली मनाई जा रही है। यह तिथि ज्योतिष दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगी। दरअसल, होली पर ग्रहों के सेनापति मंगल कुंभ राशि में विराजमान होंगे। इस दौरान छाया ग्रह राहु भी इस राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में मंगल और राहु अंगारक योग का निर्माण करेंगे, जो 2 अप्रैल 2026 तक बना रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अशुभ माना गया है। इसे संकट, क्रोध में वृद्धि और मानसिक अशांति का कारक माना जाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द ममी 4' की रिलीज डेट की हुई घोषणा, 20 साल बाद साथ दिखेंगे

'द ममी 4' पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है, जिसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज लगभग 20 साल बाद रिक ओ'कोनेल और एवलिन कार्नाहन के



रूप में वापसी कर रहे हैं। लगभग 20 साल बाद, 'द ममी' सीरीज की चौथी फिल्म बड़े पर्दे पर आने वाली है। इसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वापस लौट रहे हैं। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने 'द ममी 4' की रिलीज की घोषणा कर दी है। जानिए यह फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। 'द ममी' फिल्म की चौथी किस्त 19 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में ब्रेंडन फ्रेजर फिर से रिक ओ'कोनेल का रोल निभाएंगे और राहेल वीज एवलिन कार्नाहन (एवी) का किरदार करेंगी। इससे फैंस को बहुत खुशी हो रही है और पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई डिटेल नहीं बताई गई है, लेकिन पिछली फिल्मों की जबरदस्त पॉपुलैरिटी को देखते हुए सभी फैंस बहुत उत्साहित हैं। द ममी सीरीज की शुरुआत 1932 की फिल्म से हुई थी, लेकिन 1999 में ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वाली नई फिल्म ने एक्शन, कॉमेडी और डरावने रोमांच का शानदार मिश्रण दिया और दुनिया भर में फैंस बना लिए। 1999 की द ममी- एवलिन गलती से इम्होतेप को जगा देती है। 2001 की द ममी रिटर्न्स- इम्होतेप को वापस लाने की कोशिश और नए खतरे। 2008 की द ममीः टॉम्ब ऑफ द ड्रैगन एम्परर- चीनी सम्राट का खतरा में एवलिन का रोल बदल गया था। अब नई फिल्म 'द ममी 4' को रेडियो साइलेंस के डायरेक्टर मैट बेटिनेली-ओल्पिन और टायलर गिलेट निर्देशित कर रहे हैं। पटकथा डेविड कॉगेशल लिख रहे हैं। ब्रेंडन फ्रेजर खुद भी कार्यकारी निर्माता हैं। यह फिल्म एक्शन, एडवेंचर और पुरानी वाली मजेदार केमिस्ट्री के साथ वापसी कर रही है।

### टॉलीवुड

## नागा चैतन्य की एनसी 24 का नया पोस्टर रिलीज, दिखेगी 'वृषकर्मा' की खास झलक

नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर आज रिलीज किया गया है, जिसमें नागा चैतन्य एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। पहले 'वृषकर्मा' का नाम एनसी 24 था। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने इसकी खास झलक को दिखाने का वादा करते हुए एक तारीख दी है, जिस दिन 'वृषकर्मा' की खास झलक पेश की जाएगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर नागा चैतन्य की 24वीं फिल्म 'वृषकर्मा' का एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन



मोड में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने जानकारी दी है कि 'वृषकर्मा' की खास झलक 5 मार्च, 2026 को दिखाई जाएगी। जिसे फिल्म की टीम ने मिलकर कुछ बेहद रोमांचक तैयार किया है। युवासम्राट नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का नाम पहले एनसी 24 था। अब इसका आधिकारिक नाम 'वृषकर्मा' है। यह एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। साउथ स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी 24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म में नागा चैतन्य के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर 120 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म का निर्माण बीवीएसएन प्रसाद और सुकुमार ने किया है।

### भोजपुरी

## माही और शिवानी का भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिह' रिलीज, फैंस ने लुटाया प्यार

माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह



अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। इस गाने का ऑडियो जितना मधुर और कर्णप्रिय है, इसका वीडियो उतना ही मनमोहनक है। इस गाने के वीडियो में गुलाबी रंग का साड़ी ब्लाउज पहने माही श्रीवास्तव कातिल अदाओं से चक्कू छुरिया चलाकर लोगों को दिलों को घायल कर रही हैं। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने हसबैंड से कुछ चीज बाजार से खरीद कर लाने के लिए कह रही हैं, जबकि उनका हसबैंड बाजार जाने के लिए आना कानी कर रहा है। इस पर वह उसे मनाते हुए कह रही हैं किनई नोहर बानी अभी जे कनिया, जाइ के मन नाही करे दुकनिया, गरम ना ठंडा एकदम ताजा रहिहा, राजा हमर राजा रहिहा, पिये वाला माजा रहिहा..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी रोमांटिक गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर शिवानी सिंह ने मधुर आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव ने अपने मनमोहक अदा से बिजली गिरा रही है। इस गाने को गीतकार कृष्णा बेदर्दी ने लिखा है।





## बदलाव का दौर

फैशन इंडस्ट्री टिकाउपन के लिए बदलाव के दौर से गुजर रही है। यह कस्टमर की नई उम्मीदों, रेगुलेटरी दबाव और कॉस्ट को सही करने के बीच संतुलन बिठाने की कवायद भी है। इस मामले में, सेकंडहैंड फैशन एक पेरिफेरल ट्रेंड के बजाय एक स्ट्रक्चरल ड्राइवर के तौर पर खुद को स्थापित कर रहा है। कॉम्पिटिटिव बने रहने के लिए, यह अब सिर्फ़ एक ₹ज़िम्मेदार₹ ऑप्शन नहीं रह सकता; यह अच्छा होना चाहिए।

## घुटने और कोहनी के कालेपन से हैं परेशान तो अपनाएं घरेलू उपाय

बहुत से लोगों का कोहनी और घुटने रंग काफी काला होता है, ऐसा होने के पीछे कई कारण हैं। मगर आइए इस लेख में कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानते हैं जो आपके घुटने और कोहनी को साफ रखने में मदद कर सकते हैं। हम अपने चेहरे और बालों की देखभाल में काफी समय बिताते हैं, लेकिन कोहनी और घुटनों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अक्सर ये देखने को मिलता है कि हमारा कुहनी और घुटनों के त्वचा का रंग शरीर के थोड़ा काला होता है, थोड़ा बहुत रंग का अंतर होना सामान्य है। मगर घुटनों या कुहनी का रंग ज्यादा काला है तो आपको उसे साफ करना चाहिए। दरअसल, समय के साथ इन हिस्सों पर मृत कोशिकाओं की परत जमने और घर्षण के कारण त्वचा काली और सख्त हो जाती है। मेडिकल भाषा में इसे 'हाइपरपिग्मेंटेशन' कहा जा सकता है, जो मेलानिन के अधिक जमाव के कारण होता है। कोहनी और घुटनों की त्वचा में तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे ये हिस्से जल्दी रूखे हो जाते हैं और गंदगी को सोख लेते हैं। बाजार में मिलने वाली महंगी क्रीमों के बजाय, आपकी रसोई में मौजूद प्राकृतिक सामग्रियां जैसे नींबू, बेकिंग सोडा,



और एलोवेरा इस कालेपन को दूर करने में रामबाण साबित हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि ये उपाय न सिर्फ सुरक्षित हैं बल्कि त्वचा को गहराई से एक्सफोलिएट कर उसे नरम और चमकदार भी बनाते हैं। आइए इस लेख में उन असरदार घरेलू नुस्खे को बारे में जानते हैं, जो आपको इस समस्या से निजात दिला सकते हैं।

### नींबू और चीनी का प्राकृतिक स्क्रब

नींबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जिसमें विटामिन-C प्रचुर मात्रा में होता है, जबकि चीनी के दाने बेहतरीन एक्सफोलिएटर का काम करते हैं। आधा कटा हुआ नींबू लें और उस पर थोड़ी चीनी छिड़कें। अब इसे कोहनी और घुटनों पर 5-10 मिनट तक रगड़ें। यह न सिर्फ मृत त्वचा को हटाएगा बल्कि काले धब्बों को हल्का करने में भी मदद करेगा। अच्छे परिणाम के लिए इसे सप्ताह में दो बार दोहराएं।

### बेकिंग सोडा और दूध का पेस्ट

बेकिंग सोडा त्वचा की गहरी सफाई करने में मदद करता है और दूध त्वचा को नमी प्रदान करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा दूध मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे प्रभावित हिस्सों पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह मिश्रण त्वचा के pH स्तर को संतुलित करता है और धीरे-धीरे कालेपन की परत को साफ कर देता है।

### एलोवेरा जेल और नारियल तेल

रूखापन कालेपन का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। एलोवेरा जेल में मौजूद एलोसिन मेलानिन के उत्पादन को कम करता है, जबकि नारियल तेल विटामिन-E से भरपूर होता है।

## होली पार्टी के लिए ऐसे हों तैयार कि हर कोई देखता रह जाए



अगर आपको भी होली पार्टी में शामिल होना है लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे तैयार हों, तो ये लेख आपके काम का होने वाला है। रंगों का त्योहार होली सिर्फ एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि खुशियों, मस्ती और दोस्तों-परिवार के साथ यादगार पल बनाने का अवसर



है। जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर कोई होली पार्टी की तैयारी में जुट जाता है। अगर आप भी इस बार होली पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं लेकिन समझ नहीं पा रहे कि कैसे तैयार हों, क्या पहनें, स्किन और बालों का कैसे ध्यान रखें या पार्टी में सबसे अलग कैसे दिखें तो यह लेख आपके लिए बेहद खास है।

सही आउटफिट से लेकर स्किन केयर, हेयर प्रोटेक्शन और ट्रेंडी एक्सेसरीज़ तक, छोटी-छोटी बातें आपकी होली को और भी शानदार बना सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे आसान और असरदार टिप्स, जिनकी मदद से आप बेफिक्र होकर रंगों का मज़ा ले सकेंगे और हर किसी की नजरों में छा जाएंगे।

### सही आउटफिट चुनें

होली पार्टी के लिए कपड़े चुनते समय स्टाइल के साथ आराम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सफेद या हल्के रंग जैसे व्हाइट, क्रीम, लाइट पिंक या बेबी ब्लू पहनने से रंग ज्यादा उभरकर दिखाई देते हैं। कॉटन या लिनन जैसे हल्के फैब्रिक पहनें क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और स्किन को सांस लेने देते हैं। बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि गीले होने पर असहज महसूस हो सकता है। ऐसे कपड़े न पहनें जो बहुत महंगे हों या जिन्हें ड्राई क्लीन की जरूरत पड़े, क्योंकि होली के रंग पूरी तरह निकलना मुश्किल हो सकता है।

### स्किन और बालों की सुरक्षा

होली के रंगों में कभी-कभी केमिकल मिल सकते हैं, इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है। रंग खेलने से लगभग आधा घंटा पहले चेहरे, हाथ, गर्दन और पैरों पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं घुसता और बाद में आसानी से साफ हो जाता है। बालों में अच्छी तरह तेल लगाकर चोटी या जूड़ा बना लें, ताकि बाल कम डैमेज हों। अगर पार्टी धूप में है तो SPF 50 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं। नाखूनों पर नेलपेंट लगाने से भी रंग चढ़ने से बचाव होता है।

## बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, मिलेगा निखार

सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।

### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10–15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।



### घर पर पेडिक्योर कैसे करें ?

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।

## जानें मुंहासे पर काबू पाने का तरीका

अगर आपके चेहरे पर भी मुंहासे बार-बार बढ़ जाते हैं तो पहले इसकी वजह जान लें और फिर उससे बचने के तरीके। हर कोई अपनी स्किन को साफ, चमकदार और बेदाग देखना चाहता है, लेकिन चेहरे पर अचानक आने वाले पिंपल्स या मुंहासे इस खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं। अक्सर किसी खास मौके से पहले ही चेहरे पर एक बड़ा सा पिंपल निकल आता है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो जाता है। किशोरावस्था से लेकर बड़ों तक, मुंहासों की समस्या आम है और ये किसी भी स्किन टाइप में हो सकती है। कई लोग महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सही कारण जाने बिना समस्या बार-बार लौट आती है।

दरअसल, मुंहासे सिर्फ बाहरी गंदगी की वजह से नहीं, बल्कि शरीर के अंदर होने वाले बदलावों के कारण भी होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पहले इसकी असली वजह समझी जाए और फिर सही उपाय अपनाए जाएं। यहां इस लेख में हम आपको इससे जुड़ी हर बात बताएंगे।

### मुंहासे होने की वजह

मुंहासे तब होते हैं जब त्वचा के रोमछिद्र (पोर्स) तेल, गंदगी और मृत कोशिकाओं से बंद हो जाते हैं।



सबसे बड़ी वजह हार्मोनल बदलाव है, खासकर किशोरावस्था, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या तनाव के दौरान। हार्मोन बढ़ने से त्वचा में सीबम (तेल) ज्यादा बनता है, जो बैक्टीरिया के साथ मिलकर पिंपल्स पैदा करता है। इसके अलावा ऑयली स्किन, गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स, ज्यादा मेकअप, जंक फूड, डेयरी प्रोडक्ट्स का अधिक सेवन, नींद की कमी और स्ट्रेस भी कारण बनते हैं। बार-बार चेहरे को छूना, गंदा तकिया कवर या मोबाइल स्क्रीन भी बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे मुंहासे बढ़ सकते हैं।

### इससे बचने के तरीके

दिन में दो बार माइल्ड, सल्फेट-फ्री फेसवॉश से चेहरा साफ करें। ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें।

### कार्नर न्यूज

### डेट नाइट के लिए तैयार होते वक्त टिप्स का रखें ध्यान

## डेट नाइट का मेकअप होता है खास, तैयारी में जरूर ध्यान दें कुछ जरूरी बातों पर

अगर आप भी डेट नाइट के लिए तैयार होना चाहती हैं तो अपने लुक को खास बनाएं। यहां हम उसके लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। अगर आप भी कुछ खास मौके पर डेट नाइट के लिए तैयार हो रही हैं, तो यहे समय है अपने लुक को खास और यादगार बनाने का। प्यार के खास दिन पर हर कोई चाहता है कि वह अपने पार्टनर के सामने सबसे अलग और आकर्षक दिखे। चाहे आप कैंडल लाइट डिनर पर जा रही हों या किसी रूफटॉप कैफे में खास शाम बिताने वाली हों, आपका आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस—तीनों का सही तालमेल आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। कुछ खास दिन सिर्फ प्यार जताने का दिन नहीं, बल्कि खुद को स्टाइलिश अंदाज में पेश करने का भी मौका है। सही रंगों का चुनाव, हल्का लेकिन ग्लैमरस मेकअप और ट्रेंड के मुताबिक एक्सेसरीज आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि आपकी डेट नाइट खास और यादगार बने, तो नीचे दिए गए टिप्स जरूर फॉलो करें।



### मेकअप रखें सॉफ्ट और ग्लोइंग

डेट नाइट के लिए मेकअप ओवरड्रामेटिक नहीं बल्कि सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो वाला होना चाहिए। ड्यूई बेस मेकअप चुनें ताकि स्किन फ्रेश और हेल्दी लगे। न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक रोमांटिक वाइब देती है। हल्का स्मोकी आई लुक आपकी आंखों को आकर्षक बनाएगा। हाईलाइटर से चीक्स और नोज ब्रिज को उभारें। ध्यान रखें कि मेकअप लाइटिंग के हिसाब से करें। अगर कैंडल लाइट डिनर है तो हल्का शिमर और ग्लोइंग फिनिश बेहतर रहेगा।

हेयरस्टाइल पर दें खास ध्यान

हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरा करती है। सॉफ्ट कर्ल्स आपको क्यूट और रोमांटिक लुक देंगे।लो बन आपको एलिगेंट और बॉस लेडी वाइब देगा। हाफ-टाई हेयरस्टाइल मॉडर्न और स्टाइलिश लगती है। स्ट्रेट और ओपन हेयर सिंपल लेकिन क्लासी विकल्प है। हेयरस्टाइल चुनते समय आउटफिट और फेस शेप का ध्यान जरूर रखें।

### एक्सेसरीज रखें मिनिमल

डेट नाइट पर ओवर एक्सेसराइजिंग से बचें। स्टड ईयररिंग्स, डेलिकेट नेकलेस, स्लिम ब्रेसलेट और एक क्लासी क्लच बैग आपके लुक को परफेक्ट बैलेंस देंगे।

### कॉन्फिडेंस है सबसे बड़ा स्टाइल

सबसे अहम बात आपका आत्मविश्वास। अगर आप खुद को अच्छा महसूस करेंगी तो वही चमक आपके चेहरे पर नजर आएगी। एक प्यारी मुस्कान, पॉजिटिव बॉडी लैंग्वेज और सहज व्यवहार आपकी डेट को और भी खास बना देगा।

